Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com |

उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, कर्नाटक




दैनिक

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874




वर्ष: 6 अंक: 287 | शनिवार, 18 अक्टूबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## 'देश से नक्सवाद खत्म होने जा रहा है'

# पीएम मोदी बोले- इस बार माओवादी आतंक मुक्त दिवाली की रौनक दिखेगी



**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा वो दिन दूर नहीं, जब देश नक्सलवाद से, माओवादी आतंक से पूरी तरह मुक्त होगा। इस बार माओवादी आतंक से मुक्त क्षेत्रों में दिवाली की रौनक कुछ और होने जा रही है। 50-55 साल हुए दिवाली नहीं देखी थी उन्होंने। अब दिवाली देखेंगे और मुझे पक्का विश्वास है हमारी मेहनत रंग लाएगी। वहां भी इस बार खुशियों के दीए जलेंगे। पीएम ने कहा, ये भी मोदी की गारंटी है। दिल्ली में एक मीडिया समूह के कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा, मैं आपके सामने एक ऐसा विषय उठाना चाहता हूं जो देश की सुरक्षा के हिसाब से तो बड़ा है ही, हमारे नौजवानों के भविष्य से भी जुड़ा है। ये विषय नक्सलवाद का है। कांग्रेस के शासन में अर्बन नक्सलों का इकोसिस्टम इस कदर हावी था, और आज भी है, कि माओवादी आतंक की घटनाओं को लोगों तक न पहुंचने देने के लिए सेंसरशिप चलाता रहता है। कांग्रेस के शासन में अर्बन नक्सली माओवादी आतंकवाद पर कोई चर्चा नहीं होने देते थे। इसे नक्सलवाद नाम यूं ही दे दिया गया था, हकीकत में ये माओवादी आतंक था। मीडिया में कांग्रेस के इकोसिस्टम की चर्चा करते हुए पीएम मोदी ने कहा, तब देश में आतंकवाद की इतनी चर्चा होती थी। अनुच्छेद 370 पर बहस होती थी। लेकिन अर्बन नक्सली, जो ऐसी संस्थानों पर कब्जा करके बैठे थे, माओवादी आतंक पर पर्दा डालने का काम करते थे। देश को अंधेरे में रखते थे। पीएम ने कहा, 11 वर्ष पहले तक देश के सवा सौ जिले, 125 से ज्यादा, माओवादी आतंक से प्रभावित थे और आज ये संख्या सिर्फ 11 जिलों तक सिमट गई है। उस 11 में भी अब सिर्फ तीन जिले ही ऐसे बचे हैं, जो सबसे अधिक नक्सल प्रभावित हैं। सिर्फ पिछले 75 घंटों में 303 नक्सलियों ने हथियार डाले हैं। एक जमाने में जिनका 303 (गोली) चलता था, आज वो 303 सरेंडर हुए हैं।

## सार संक्षेप

### लेह में सार्वजनिक समारोहों और रैलियों पर प्रतिबंध



**नई दिल्ली।**

लेह में शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए नया आदेश जारी हुआ है। बिना अनुमति कोई रैली या जुलूस नहीं निकाला जाएगा। लाउडस्पीकर के उपयोग और पांच से अधिक लोगों के जुटने पर रोक है। आदेश का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सार्वजनिक शांति और व्यवस्था के लिए संभावित खतरों को देखते हुए लेह के जिला मजिस्ट्रेट रोमिल सिंह डोंक ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत एक आदेश जारी किया है। इसमें लेह क्षेत्राधिकार में सार्वजनिक समारोहों और कुछ गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाए गए हैं। आधिकारिक सूचना के अनुसार यह आदेश लेह के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की रिपोर्ट के बाद जारी किया गया है। रिपोर्ट में सार्वजनिक शांति भंग होने, मानव जीवन को खतरा होने और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की संभावित समस्या की आशंका व्यक्त की गई थी। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने और सार्वजनिक शांति बनाए रखने के लिए जिला मजिस्ट्रेट ने निम्नलिखित निर्देश जारी किए हैं। आदेश के आनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व लिखित अनुमति के बिना कोई भी जुलूस, रैली या मार्च नहीं निकाला जाएगा। बिना अनुमति के वाहनों पर लाउडस्पीकरों का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। व्यक्तियों को ऐसे बयान देने से प्रतिबंधित किया गया है जो सार्वजनिक शांति भंग कर सकते हैं या कानून-व्यवस्था की समस्याएं भड़का सकते हैं। तहसील लेह के अधिकार क्षेत्र में पांच या अधिक व्यक्तियों का एकत्र होना प्रतिबंधित है। जिला मजिस्ट्रेट ने चेतावनी दी है कि आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश 17 अक्तूबर को जारी होने के तुरंत बाद प्रभावी हो गया है। इसका उद्देश्य क्षेत्र में शांति सुनिश्चित करना और कानून-व्यवस्था की किसी भी समस्या को बढ़ने से रोकना है।

> आदेश का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी

## 'यूपी धर्मांतरण कानून के कुछ हिस्से संविधान की कसौटी पर खरे नहीं'

**नई दिल्ली।**



सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 के कई प्रावधानों की वैधता पर गंभीर सवाल उठाए हैं। अदालत ने कहा कि निजता, आनुपातिकता और सांविधानिकता की कसौटी पर इस कानून के कुछ हिस्से खरे नहीं उतरते।

जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने शुक्रवार को शीर्ष अदालत ने सैम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी और विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) के कुलपति और निदेशक के खिलाफ धर्मांतरण के मामले को रद्द करते हुए ये टिप्पणी की। पीठ ने कहा, धर्मांतरण से पहले और बाद में घोषणाओं की वैधानिक प्रक्रिया अत्यंत जटिल और बोझिल है, जिसमें राज्य की अत्यधिक दखलअंदाजी दिखाई देती है। यह विषय मूल रूप से व्यक्ति की आस्था और निजता से जुड़ा है और इसमें सरकारी हस्तक्षेप सांविधानिक स्वतंत्रता का उल्लंघन कर सकता है। हालांकि पीठ ने स्पष्ट किया कि वह वर्तमान मामले में अधिनियम की सांविधानिक वैधता पर औपचारिक रूप से निर्णय नहीं दे रही है। उसने कहा कि एक आपराधिक मामले पर निर्णय लेते समय इन मुद्दों को अनदेखा नहीं किया जा सकता।

## 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' बनाम 'फूट डालो, राज करो' कांग्रेस-सपा पर जमकर बरसे योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ।**



सरदार वल्लभभाई पटेल के 150वीं जयंती समारोह अभियान को लेकर शुक्रवार को हुई प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, सपा और आइएनडीआइए गठबंधन अंग्रेजों की फूट डालो-राज करो नीति को आज भी अपनाए हुए हैं। ये दल समाज में जाति, पंथ और मजहब के आधार पर फूट डालने का काम कर रहे हैं ताकि देश की एकता और अखंडता कमजोर हो। हमारा संकल्प एक भारत-श्रेष्ठ भारत का है। अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यशाला में मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक जो भारत एकजुट दिखता है, वह सरदार पटेल की देन है। उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्ष से हर वर्ष 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। विपक्ष जब समाज को बांटने की राजनीति कर रहा है, तब भाजपा की जिम्मेदारी है कि एकता और अखंडता के संदेश को हर गांव और हर विधान सभा क्षेत्र तक पहुंचाया जाए। मुख्यमंत्री ने बताया कि 31 अक्टूबर को रन फार यूनिटी का आयोजन पूरे प्रदेश में होगा। इसके बाद एक नवंबर से 26 नवंबर तक हर विधान सभा क्षेत्र में आठ से 10 किलोमीटर लंबी एकता पदयात्रा निकाली जाएगी। इसमें सेना के रिटायर्ड जवान, अन्नदाता, श्रमिक, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाइड सभी को जोड़ा जाएगा। हर दो किलोमीटर पर पड़ाव होगा, जहां समाज से संवाद कायम करते हुए एकता का संदेश दिया जाएगा।

## भारत पहले ही खारिज कर चुका है बयान

# 'भारत बंद कर देगा रूसी तेल की खरीद', ट्रंप ने फिर की बेतुकी टिप्पणी



**नई दिल्ली।**

व्हाइट हाउस में यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने फिर भारत को लेकर चर्चा छेड़ दी। इस दौरान फिर अपने बेतुका बयान का अंबार लगाते हुए दावा किया कि भारत अब रूस से तेल नहीं खरीदेगा और पीछे हट रहा है। साथ ही, ट्रंप ने एक बार फिर कहा कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान समेत आठ युद्ध सुलझाए हैं और अगला उनका नौवां समाधान होगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आज व्हाइट हाउस में यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की। इस दौरान एक बार फिर ट्रंप ने भारत को लेकर बेतुका बयान दिया, जिससे वो सुर्खियों में आ गए। ट्रंप ने भारत को लेकर कहा कि भारत अब रूस से तेल नहीं खरीदेगा। इतना ही नहीं ट्रंप ने इस दौरान ये भी दावा किया कि भारत रूस के साथ तेल खरीदने के पीछे हट रहा है, यानी वह रूसी तेल खरीद में कमी ला रहा है। ट्रंप ने कहा कि अब तक ट्रंप प्रशासन ने रूस पर कड़े प्रतिबंध लगाने से बचा है। इसके बजाय ट्रंप का फोकस यूरोपीय देशों और भारत जैसे अन्य देशों को रूस से तेल खरीद बंद कराने पर रहा है। कारण है कि ट्रंप का मानना है कि इस कदम से रूस पर आर्थिक दबाव बढ़ेगा और उसे अपनी नीतियों पर पुनर्विचार करना पड़ेगा। कई बार देखा गया है कि किसी भी संघर्ष पर बात करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया संघर्ष को खत्म करने का दावा करने से नहीं चूकते है। ऐसे में एक बार फिर ट्रंप ने व्हाइट हाउस में जेलेंस्की से बातचीत के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच हुए हालिया संघर्ष का जिक्र किया।

> *ट्रंप ने कहा कि उन्होंने अब तक आठ युद्ध सुलझा दिए हैं और अगला एक सुलझाने पर यह नौवां होगा। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि रवांडा और कांगो जाओ, भारत और पाकिस्तान की बातें करो और जो भी विवाद थे, वह उन्हें हल कर चुके हैं।*



## विंटर एक्शन प्लान में देरी से बढ़ा दिल्ली में प्रदूषण: सीएम रेखा

**नई दिल्ली।**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि राजधानी में प्रदूषण का स्तर भाजपा सरकार की असंवेदनशीलता और विंटर एक्शन प्लान में देरी के कारण बढ़ा है। अगर प्लान समय से लागू हो जाता तो मौजूदा स्थिति शायद ऐसी नहीं होती। यादव ने कहा कि टूटी सड़कों से उड़ती धूल, गाड़ियों से निकलने वाला धुंआ, निर्माण कार्य के धूल कण, कूड़े के पहाड़ों से निकलने वाली जहरीली गैस और दिल्ली में कूड़ा प्रबंधन की अव्यवस्था के कारण दिल्ली की हवा में जहर घुल रहा है। सर्दियों में प्रदूषण की खतरनाक से निपटने के लिए जो इंतजाम मानसून के खत्म होते ही करने थे, उन्हें देरी से किया गया। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार प्रदूषण रोकने में सहायक रोड़ डस्ट कंट्रोल के लिए 200 मैकेनिकल रोड़ स्वीपर, 70 इलेक्ट्रिक लिटर पिकर तथा रात में 38 टैंकर तैनात करने की घोषणा कर रहे है।



## संपादक की कलम से

# ट्रंप के झूठे दावे

अ आखिर अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप लगातार झूठ बोलने के आदी क्यों हैं? ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी वह पचासियों बार झूठे दावे करते रहे हैं कि उन्होंने अमुक देशों के बीच युद्धविराम करा दिया। राष्ट्रपति ट्रंप ने उन देशों में भी युद्धविराम के झूठ बोले, जिनके बीच या तो युद्ध ही नहीं हुआ अथवा ट्रंप की कोई भूमिका ही नहीं थी। नोबेल पुरस्कार पाने की ऐसी छटपटाहट है कि राष्ट्रपति के पद पर होने के बावजूद ट्रंप झूठ बोलने के आदी हो गए हैं। बहरहाल ऐसे देश उनके झूठ का खुद जवाब देंगे, वह हमारा सरोकार नहीं है, लेकिन जब संदर्भ प्रधानमंत्री मोदी और भारत के राष्ट्रीय हितों का है, तो हम निरपेक्ष और खामोश नहीं रह सकते। यह अनिवार्य नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी ऐसे अनाप-शनाप बयानों का जवाब दें। वह अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल और परस्पर सम्मान की विदेश नीति से बंधे हैं, लेकिन विदेश मंत्रालय ने प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच फोन कॉल से अनभिज्ञता जाहिर की है, तो तय है कि दोनों नेताओं के बीच बीते बुधवार को कोई संवाद नहीं हुआ। यदि संवाद नहीं हुआ, तो भारत रूसी तेल और ऊर्जा उत्पाद खरीदना बंद कर देगा, यह निष्कर्ष कैसे संभव है? कमाल है कि राष्ट्रपति ट्रंप व्हाइट हाउस में पत्रकारों से रू-ब-रू बात कर रहे थे। उसी दौरान उन्होंने खुलासा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने आज (बुधवार) आश्वासन दिया है कि भारत रूस से तेल खरीद बंद कर देगा। यह तुरंत नहीं हो सकता, थोड़ा समय लगेगा। जल्द ही यह प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। राष्ट्रपति ट्रंप ने इसे रूस पर यूक्रेन युद्ध रोकने का दबाव बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम बताया। गुरुवार को भारत ने यह झूठा दावा खारिज कर दिया और स्पष्ट किया कि दोनों नेताओं के बीच फोन पर कोई बातचीत नहीं हुई। ऐसे ही करीब 50 झूठे दावे ट्रंप ने भारत-पाक संघर्षविराम के मद्देनजर किए थे, जिन्हें प्रधानमंत्री मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संसद में एक विशेष चर्चा के दौरान, परोक्ष रूप से, खारिज कर दिया था। भारतीय प्रधानमंत्री इस भाषा का इस्तेमाल नहीं कर सकते कि ट्रंप ने झूठ बोला है या ट्रंप झूठा है। भारत के प्रधानमंत्री और मंत्रियों के कुछ निश्चित कूटनीतिक संस्कार हैं। विपक्ष चाहे तो खुशफहमी में रह सकता है कि प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति ट्रंप से डरे हुए हैं। बहरहाल विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने रूसी तेल को भारत के 1.4 अरब लोगों की ऊर्जा-जरूरतों के मद्देनजर राष्ट्रीय हित की बात कही और उसे सर्वोच्च प्राथमिकता और प्रतिबद्धता करार दिया। ध्यान रहे कि अमरीकी राष्ट्रपति ने भारत पर 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ , जुमार्ने के तौर पर, थोपा था, क्योंकि हम रूस से तेल खरीदते हैं। अमरीकी राष्ट्रपति ने यहां तक आरोपित किया था कि तेल खरीद कर भारत रूस की युद्ध लड? की ताकत को, परोक्ष रूप से, बढ़ा रहा है। बहरहाल एक यूरोपीय थिंक टैंक सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) की एक रपट के मुताबिक, भारत ने सितंबर में रूस से 2.5 अरब यूरो, यानी 2.91 अरब डॉलर, का कच्चा तेल खरीदा था। दरअसल भारत ने रूसी जीवाश्म ईंधन की कुल 3.6 अरब यूरो की खरीद की थी। उसमें कच्चा तेल, कोयला और अन्य तेल उत्पाद आदि शामिल थे। भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात करीब 1.6 मिलियन बैरल प्रतिदिन रहा है, जो बीते महीनों की तुलना में 9 फीसदी कम था, लेकिन इसके मायने ये नहीं हैं कि भारत रूस से तेल की खरीद कम करते हुए बिलकुल ही बंद कर देगा। रूस भारत का भरोसेमंद दोस्त रहा है। अमरीकी राष्ट्रपति प्रधानमंत्री मोदी को महान इंसान, महान प्रधानमंत्री, माई डियर फ्रेंड संबोधित करते हुए नहीं अघाते, लेकिन भारत की पीठ में छुरा घोंपने से भी बाज नहीं आते। रूस ने कभी ऐसा दोगला व्यवहार नहीं किया। बेशक भारत दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता देश है, लिहाजा आयातक भी है। रूसी तेल का चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा खरीददार भारत ही है। भारत-रूस की आपसी साझेदारी जारी रहेगी, यह विश्वास भारत ने एक बार फिर दिलाया है। ट्रंप की यह कोशिश रहती है कि वे भारत पर दबाव बनाएं ताकि भारत अपने बाजारों को उसके लिए खोल दे, तमाम टैरिफ के बाद भी ट्रंप अपने इरादों में सफल नहीं हो पाए हैं, जिसकी वजह से वे इस तरह के बयान देते हैं,ताकि अतिरिक्त दबाव बनाया जा सके।



ललित शर्मा
संपादक

## श्याम सुंदर साहू



## देखव हमर गांव के बेटी मन

कविता

देखव हमर गांव के बेटी मन
कईसे सुग्घर सुआ नाचत हे

देवारी तिहार ह तिरियावत हे,
मन म उत्साह उमंग छावत हे।
देखव हमर गांव के बेटी मन,
कईसे सुग्घर सुआ नाचत हे।

घर के अंगना दुवारी म जाके,
सुआ के सुग्घर गीत गावत हे।
हमर छत्तीसगढ़ के परंपरा ल
सबो जुरमिल के निभावत हे।
देखव हमर गांव के बेटी मन,
कईसे सुग्घर सुआ नाचत हे।

हमर प्रदेश के मान सम्मान,
अऊ पहिचान ल बढ़ावत हे।
छत्तीसगढ़ी लोक गीत ल गाके,
संदेश ल जन जन पहुँचावत हे।
देखव हमर गांव के बेटी मन,
कईसे सुग्घर सुआ नाचत हे।

टूकनी म बैठे सुआ के जोड़ी,
देखे म बड़ा सुग्घर लागत हे।
हरिहर लुगरा पहिने बेटी मन,
ताली बजा के गीत गावत हे।
देखव हमर गांव के बेटी मन,
कईसे सुग्घर सुआ नाचत हे।


सुख समृद्धि की कामना करत,
देखव सुग्घर बिदा ल मांगत हे।
बदला म धान अऊ चऊर लेके,
हम सब ल आशीष देवत हे।
देखव हमर गांव के बेटी मन,
कईसे सुग्घर सुआ नाचत हे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

## धनतेरस- 18 अक्टूबर, 2025

# धनतेरस धन के भौतिक एवं आध्यात्मिक समन्वय का पर्व



ललित गर्ग



धनतेरस का पर्व पंच दिवसीय दीपोत्सव की पवित्र श्रृंखला का आरंभिक द्वार है। यह केवल सोना-चांदी, वस्त्र या बर्तन खरीदने का शुभ दिन नहीं, बल्कि धन के प्रति हमारी सोच को पुनसंर्तुलित करने का अवसर है। भारतीय संस्कृति में धन को सदैव देवी लक्ष्मी का प्रतीक माना गया है, परंतु यह पूजन केवल भौतिक संपदा का नहीं, बल्कि धन के नैतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक उपयोग का भी प्रतीक है। ऋषि-मुनियों ने धन को केवल मुद्रा नहीं, बल्कि एक ऊर्जा माना है। उपनिषदों में कहा गया है-धनं मूलं सवेर्षां साधनानाम्, अर्थात धन सभी साधनों का मूल है, परंतु वही धन शुभ है जो धर्म-संयम से अर्जित और लोककल्याण में नियोजित हो। धनतेरस हमें याद दिलाता है कि धन केवल संग्रह का नहीं, उपयोग का विषय है। धन का सही उपयोग ही उसे लक्ष्मी बनाता है, अन्यथा वह अलक्ष्मी-अशांति और विषमता का कारण बन जाता है। कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को धनतेरस मनाया जाता है। इस तिथि को धनत्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन बर्तन, सोना-चांदी खरीदना शुभ माना जाता है। भगवान धन्वंतरि को आयुर्वेद का जनक माना जाता है। ऐसे में यह दिन धन्वंतरि को समर्पित किया गया है।

भारतीय संस्कृति में स्वास्थ्य को सबसे बड़ा धन कहा गया है। भगवान धन्वंतरि को भगवान विष्णु का अंश माना गया है, जिन्होंने मानव समाज को चिकित्सा विज्ञान (आयुर्वेद) का ज्ञान दिया। इसी कारण धनतेरस के दिन देशभर में वैद्य समाज भगवान धन्वंतरि जयंती के रूप में उनकी पूजा करता है। धनतेरस का ऐतिहासिक महत्व समुद्र मंथन की पौराणिक कथा से जुड़ा है, जब भगवान धन्वंतरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे, इसलिए इसे धनत्रयोदशी भी कहते हैं। यह त्योहार भगवान धन्वंतरि को समर्पित है, जिन्हें आयुर्वेद और चिकित्सा का देवता माना जाता है, और धन एवं समृद्धि के देवता भगवान कुबेर की भी पूजा की जाती है। भारत सरकार ने धनतेरस को राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इसी के साथ इस दिन यम दीपक जलाने का भी विधान है। जिसे दीपदान भी कहा जाता है। एक अन्य मान्यता के अनुसार, यमराज से अपनी रक्षा करने के लिए इस दिन यमदीपदान किया जाता है। एक कथा के अनुसार, एक राजा के पुत्र को साँप के काटने से मृत्यु होने की भविष्यवाणी थी, जिसे उसकी पत्नी ने दीप और सोने-चाँदी के ढेर लगाकर यमराज को दूर रखने में सफल हुई। जैन आगम में धनतेरस को धन्य तेरस या ध्यान तेरस भी कहते हैं। प्राचीन भारत में धन का वितरण और उपयोग धर्म और नीति के साथ जुड़ा हुआ था। व्यापारी लाभ में भी लोक-लाभ देखते थे। राजा अपने धन को जनकल्याण, सिंचाई, शिक्षा और सुरक्षा में लगाते थे। किन्तु आधुनिक युग में, विशेषतः पूंजीवादी व्यवस्था के प्रसार के बाद, धन का स्वरूप विकृत हुआ है। धन साधन से लक्ष्य बन गया है। इसके परिणामस्वरूप समाज में अमीरी-गरीबी की खाई, शोषण, और भ्रष्टाचार बढ़ा है। आज एक ओर अरबपतियों की गिनती बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर करोड़ों लोग रोटी और दवा के अभाव में जीवन गुजार रहे हैं। धनतेरस का पर्व इस विडंबना पर आत्ममंथन का अवसर है। यह हमें पुकारता है कि हम धन को केवल अपनी तिजोरी का नहीं, बल्कि समाज की समृद्धि का माध्यम बनाएं। लोकमान्यता के अनुसार यह भी कहा जाता है कि इस दिन धन (वस्तु) खरीदने से उसमें तेरह गुणा वृद्धि होती है। इस अवसर पर लोग धनियाँ के बीज खरीद कर भी घर में रखते हैं। दीपावली के बाद इन बीजों को लोग अपने बाग-बगीचों में या खेतों में बोते हैं। धनतेरस के दिन चाँदी खरीदने की भी प्रथा है, चांदी शुद्धता की प्रतीक है यहीं शुद्धता इंसानी जीवन में आये, यही इस पर्व का उद्घोष है। महात्मा गांधी ने कहा था-पैसा अपने आप में बुरा नहीं है, परंतु जब वह मनुष्य का स्वामी बन जाता है, तब वह विनाश का कारण बनता है। धनतेरस का सच्चा संदेश यही है-धन का स्वामी बनो, उसका दास नहीं। धन के प्रति सकारात्मक दृष्टि का अर्थ है उसे साधना, सेवा और संस्कार से जोड़ना। आज आवश्यकता है कि हम धन को साझा समृद्धि, सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवीय करुणा के उपकरण के रूप में देखें। आज विश्व अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी चुनौती समान अवसरों का अभाव है। धनतेरस का यह अवसर सरकारों को भी यह संदेश देता है कि वे विकास के लिए धन का न्यायपूर्ण वितरण सुनिश्चित करें। राजकोषीय नीतियाँ केवल अमीर वर्ग के लाभ के लिए नहीं, बल्कि गरीबों के सशक्तिकरण एवं कल्याण के लिए हों। धन की प्रवाह प्रणाली में नैतिकता, पारदर्शिता और संवेदना का समावेश आवश्यक है। आचार्य श्री महाप्रज्ञ ने भी धन के प्रति एक नया दृष्टिकोण प्रस्तुत किया था। उन्होंने भगवान महावीर के आर्थिक दर्शन को आधुनिक संदर्भों में व्याख्यायित करते हुए महावीर का अर्थशास्त्र नामक एक महत्वपूर्ण पुस्तक लिखी। आचार्य महाप्रज्ञ ने स्पष्ट किया कि धन का अर्जन और उपयोग दोनों ही अहिंसक, नैतिक और संयमित होने चाहिए। उनके अनुसार धन तभी सार्थक है जब वह आत्मविकास, समाजकल्याण और न्यायपूर्ण व्यवस्था का साधन बने। उन्होंने महावीर के अर्थशास्त्र में बताया कि धन की मयार्दा उसका त्याग नहीं, उसका संयम है। यह विचार धनतेरस के मूल भाव को ही पुष्ट करता है कि धन को नकारा नहीं जाए, बल्कि उसे लोकमंगल में प्रवाहित किया जाए। धनतेरस का अर्थ केवल भौतिक संपत्ति का नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, सद्गुण और आत्मबल का भी प्रतीक है। आयुर्वेद में इसी दिन धन्वंतरि जयंती भी मनाई जाती है, जो चिकित्सा और स्वास्थ्य के देवता हैं। इस परंपरा में धन का अर्थ केवल पैसा नहीं, बल्कि आरोग्य, अन्न, शिक्षा और शांति भी है। आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है कि धन और धर्म का संवाद पुनः स्थापित हो। धर्म के बिना धन अंधा है, और धन के बिना धर्म असहाय। धनतेरस हमें सिखाता है कि धन का अर्जन सत्य मार्ग से हो और उसका उपभोग सेवा मार्ग पर हो। आचार्य तुलसी ने अर्जन के साथ विसर्जन का सूत्र दिया, यानि अर्जन के साथ जनकल्याण के लिये विसर्जन का क्रम चले। मनुस्मृति में कहा गया है-धनं धर्मेण संचिनुयात, अर्थात धन का संचय धर्म के मार्ग से ही किया जाना चाहिए। धनतेरस केवल सोना-चांदी खरीदने का दिन नहीं, बल्कि धन की शुद्धता और सदुपयोग की तपश्चरण का पर्व है। इस तरह से धनतेरस का पर्व केवल धन प्राप्ति का नहीं बल्कि आरोग्य, आयु और समृद्धि की कामना का पर्व है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि असली संपत्ति हमारा स्वास्थ्य है। इसलिए इस दिन की पूजा न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ी है, बल्कि जीवन के संतुलन और सुख-शांति का भी प्रतीक है।

आज जब समाज में धन के कारण विभाजन, भ्रष्टाचार और अन्याय बढ़ रहे हैं, तब धनतेरस हमें प्रेरित करता है-धन को दिव्यता में रूपांतरित करने की। यह पर्व हमें पुकारता है कि हम धन के प्रति अपनी दृष्टि बदलें-धन को नकारें नहीं, बल्कि उसे साकार करें; धन से मोह न रखें, परंतु उसे लोकमंगल में प्रवाहित करें। जब धन का प्रवाह धर्म के संग बहता है, तभी सच्चा दीपोत्सव जगमगाता है-अंतर में भी, समाज में भी, और मानवता में भी।

# धनतेरसः समृद्धि का नहीं, संवेदना का उत्सव



डॉ. सत्यवान सौरभ

*किसी के पास सोना-चांदी न हो तो वह मिट्टी का दीपक जलाकर भी अपनी श्रद्धा प्रकट करता था। आज यह भाव कम होता जा रहा है। त्योहार जो कभी सबको जोड़ता था, अब वर्गों में बँट रहा है। मॉलों की चकाचौंध में झुग्गियों की अंधेरी रातें दब जाती हैं। यह सोचने की बात है कि अगर लक्ष्मी सच्चे मन से हर घर में आती हैं, तो इतने लोग भूखे क्यों हैं? इतने किसान कर्ज.में क्यों मर रहे हैं? क्या हमने लक्ष्मी को केवल अमीरों की देवी बना दिया है? धनतेरस का वास्तविक संदेश यही है कि हमें धन का सही उपयोग करना सीखना चाहिए। यह दिन हमें यह सोचने का अवसर देता है कि हमारा धन कितने लोगों के जीवन में रोशनी लाता है। अगर हम अपने धन से किसी गरीब की मदद करें, किसी बीमार के इलाज में सहयोग दें, किसी जरूरतमंद बच्चे की पढ़ाई में योगदान दें—तो वही असली धनतेरस होगी। लक्ष्मी तभी स्थायी होती हैं जब उनका उपयोग दूसरों की भलाई में होता है। वरना वह केवल कुछ समय की झिलमिलाहट बनकर रह जाती हैं। आज के युग में जब हम डिजिटल भुगतान, ऑनलाइन शॉपिंग और कृत्रिम रोशनी के बीच धनतेरस मना रहे हैं, तब यह और भी जरूरी है कि हम इस पर्व की आत्मा को पहचानें। यह पर्व हमें अपने घर के साथ-साथ अपने मन का भी क्लीनिंग डे बनाने का अवसर देता है। अपने भीतर के लोभ, ईर्ष्या, स्वार्थ और दिखावे की धूल झाड़कर अगर हम मन में करुणा, ईमानदारी और प्रेम के दीप जला सकें, तो वही सच्चा धनतेरस होगा। धनतेरस केवल एक दिन नहीं, एक दृष्टिकोण है—जीवन को संतुलित, स्वास्थ्यपूर्ण और अर्थपूर्ण बनाने का दृष्टिकोण। यह हमें सिखाता है कि धन का मूल्य उसकी मात्रा में नहीं, बल्कि उसके प्रयोग में है। अगर हम धन को साधन बनाएँ, साध्य नहीं, तो वह जीवन में सौंदर्य और संतोष दोनों लाता है। लेकिन अगर वही धन हमें दूसरों से श्रेष्ठ दिखने की दौड़ में ले जाए, तो वह वरदान नहीं, अभिशाप बन जाता है।*

धनतेरस का अर्थ केवल धन नहीं बल्कि ध्यान भी है – ध्यान उस पर जो हमारे जीवन को सार्थक बनाता है। यह त्योहार हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि समृद्धि का असली अर्थ क्या है। अगर घर में प्रेम है, परिवार में एकता है, मन में शांति है, और समाज में करुणा है—तो यही सबसे बड़ा धन है। इसलिए इस धनतेरस पर केवल चाँदी की चमक नहीं, अपने मन की उजास बढ़ाइए। अपने भीतर के अंधकार को पहचानिए और प्रेम, संयम और सेवा का दीप जलाइए। यही होगी असली पूजा—जहाँ लक्ष्मी केवल तिजोरी में नहीं, व्यवहार में भी बसती है। धनतेरस का नाम लेते ही आंखों के सामने दीपों की उजास, सोने-चांदी की झिलमिलाहट, बाजारों का रौनकभरा शोर और पूजा की तैयारियों में जुटे घर-घर के दृश्य उभर आते हैं। यह दिन न केवल खरीदारी का त्योहार है, बल्कि भारतीय संस्कृति के गहरे दर्शन का प्रतीक भी है। यह वह दिन है जब लोग मानते हैं कि लक्ष्मी माता घर आएंगी, समृद्धि का आशीर्वाद देंगी, और दुर्भाग्य के अंधकार को मिटा देंगी। परंतु अगर हम इस पर्व के पीछे के दर्शन को गहराई से देखें, तो पाएंगे कि धनतेरस का अर्थ केवल सोना-चांदी खरीदना नहीं, बल्कि धन की सही परिभाषा को समझना है। धन शब्द संस्कृत के धना से बना है, जिसका अर्थ केवल संपत्ति या पैसा नहीं बल्कि समृद्धि, सुख और संतोष का संगम है। प्राचीन ग्रंथों में धनतेरस को धनत्रयोदशी कहा गया है – अर्थात धन और स्वास्थ्य दोनों की कामना का दिन। इसी दिन समुद्र मंथन से धनवंतरि देवता अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे, जिन्होंने मानवता को स्वास्थ्य का वरदान दिया। यही कारण है कि इस दिन को आयुर्वेद दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। जब दुनिया धन को केवल भौतिक संपत्ति के रूप में देखती है, तब भारतीय दर्शन इसे शरीर, मन और आत्मा की समृद्धि के रूप में देखता है। आज के समय में धनतेरस का रूप काफी बदल गया है। पहले जहां यह दिन दीप जलाने, घर साफ करने और देवी-देवताओं की पूजा का होता था, अब यह दिन शॉपिंग मॉल और ऑनलाइन सेल का प्रतीक बन गया है। धनतेरस आते ही लोग सोना, चांदी, कार, बाइक, फ्रिज, टीवी, मोबाइल—सब कुछ खरीदने की होड़ में लग जाते हैं। लेकिन क्या यही असली धन है? क्या केवल महंगी वस्तुएं खरीदकर हम सच में समृद्ध हो जाते हैं? शायद नहीं। असली समृद्धि तो उस मन में है जो संतोष जानता है, उस घर में है जहाँ प्रेम की दीवारें मजबूत हैं, और उस समाज में है जहाँ सभी के पास रोटी, कपड़ा और सम्मान हो। धनतेरस हमें यह भी सिखाता है कि धन का उपयोग कैसा हो। जब धन भगवान धनवंतरि से जुड़ा हुआ है, तो इसका अर्थ यह भी है कि धन स्वास्थ्य और जीवन की रक्षा के लिए होना चाहिए, न कि दिखावे और व्यर्थ विलासिता के लिए। लेकिन आज की हकीकत यह है कि लोग धनतेरस पर नई चीजें खरीदने के लिए कर्ज. तक ले लेते हैं। त्योहार खुशियों का होना चाहिए, पर वह तनाव और तुलना का माध्यम बन जाता है। सोशल मीडिया पर कौन कितना खरीद रहा है, किसने कौन-सी गाड़ी ली—यह तुलना हमें भीतर से खोखला कर देती है। असली पूजा तो तब है जब हम अपने जीवन में संतुलन और संयम को जगह दें। एक समय था जब धनतेरस के अवसर पर लोग मिट्टी के दीप, तांबे या पीतल के बर्तन खरीदते थे। यह परंपरा केवल प्रतीकात्मक नहीं थी, बल्कि वैज्ञानिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण थी। मिट्टी के दीप अंधकार मिटाने का प्रतीक हैं, और धातु के बर्तन स्वास्थ्य व सकारात्मक ऊर्जा का। लेकिन अब इन बर्तनों की जगह चमकदार चाइनीज लाइट्स और प्लास्टिक के सजावटी सामान ने ले ली है। पहले जहां घरों में शुभ-लाभ लिखकर दीवारें सजी होती थीं, अब डिस्काउंट और कैशबैक के बोर्ड झिलमिला रहे हैं। यह बदलाव केवल बाहरी नहीं, बल्कि हमारे भीतर के मूल्यबोध में भी आया है। धनतेरस का एक और गहरा संदेश है—धन और धर्म के संतुलन का। यदि धन अधर्म के मार्ग से अर्जित किया गया है, तो वह कभी सुख नहीं दे सकता। महाभारत में कहा गया है—ह्लधनं धर्मेण सञ्चयेत्ह्व यानी धन को धर्म के मार्ग से अर्जित करो। आज जब समाज में भ्रष्टाचार, लालच और अनैतिक कमाई बढ़ रही है, तब धनतेरस हमें याद दिलाता है कि असली पूजा वह नहीं जो सोने के दीपक से हो, बल्कि वह है जो ईमानदारी और परिश्रम से कमाए धन से की जाए। इस दिन जब हम दीप जलाते हैं, तो वह केवल बाहर का अंधकार नहीं मिटाता, बल्कि भीतर के लालच, ईर्ष्या और मोह के अंधकार को भी दूर करने का संदेश देता है। इस पर्व का एक आयुर्वेदिक और वैज्ञानिक पक्ष भी है। कार्तिक मास की त्रयोदशी के दिन मौसम बदलता है, सर्दी की शुरूआत होती है, और शरीर में रोगों की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे समय में भगवान धनवंतरि की पूजा करना इस बात का प्रतीक है कि हमें अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। धनतेरस का अर्थ केवल धन प्राप्ति नहीं, बल्कि दीघार्यु, स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन की प्राप्ति भी है। जब शरीर स्वस्थ होगा, तभी जीवन में वास्तविक सुख और समृद्धि होगी। अगर हम अपने पुरखों की जीवनशैली देखें, तो वे त्योहारों को केवल धार्मिक कर्मकांड नहीं मानते थे, बल्कि सामाजिक समरसता और पर्यावरण संतुलन का अवसर भी समझते थे। धनतेरस के दिन घरों की सफाई का चलन केवल देवी लक्ष्मी के स्वागत के लिए नहीं, बल्कि स्वच्छता के प्रतीक के रूप में भी था। दीप जलाना केवल अंधकार हटाने के लिए नहीं, बल्कि प्रदूषण कम करने और वातावरण को पवित्र करने का एक उपाय भी था। लेकिन आज सफाई की जगह सजावट ने ले ली है, और पवित्रता की जगह दिखावे ने। धनतेरस समाज में समानता का भी प्रतीक रहा है। पुराने समय में अमीर-गरीब सभी इस दिन अपने घरों में दीप जलाते थे।

# महिलाओं की सुरक्षा एवं स्वावलम्बन के लिए पुलिस अधीक्षक की अभिनव पहल



**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र एवं अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह के साथ रिजर्व पुलिस लाइन में मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा, आत्मरक्षा एवं स्वावलम्बन को बढ़ावा देने हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला प्रशिक्षु मुस्कान यादव द्वारा दिए गए सुझाव के क्रम में मिशन शक्ति से सम्बन्धित विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों, महिला कल्याणकारी योजनाओं, जनकल्याणकारी योजनाओं, महिला अपराध सम्बन्धी कानून एवं वीडियो सामग्री को देखने हेतु क्यूआर कोड विकसित कराए गए। इस अवसर पर महिला प्रशिक्षुओं को मिशन शक्ति से सम्बन्धित पम्पलेट भी वितरित किए गए साथ ही पोस्टर/फ्लैक्सी लगाए जाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए गए। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी लाइन्स, प्रशिक्षणाधीन पुलिस उपाधीक्षक एवं अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## सीओ द्वारा अटल आवासीय विद्यालय में छात्र/छात्राओं को साइबर क्राइम के सम्बन्ध में किया जागरुक

बुलंदशहर राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह एवं मिशन शक्ति-5.0 अभियान के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निदेर्शानुसार शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राबाद भास्कर कुमार मिश्रा द्वारा थाना चोला क्षेत्रान्तर्गत अटल आवासीय विद्यालय में गोष्ठी आयोजित कर छात्र/छात्राओं को साइबर क्राइम के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। गोष्ठी में उपस्थित सभी छात्र/छात्राओं को साइबर अपराधों के प्रकार एवं उन पर प्रभावी रोकथाम हेतु, जागरूकता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां, जैसे साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930 आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया तथा महत्वपूर्ण जानकारियां, जैसे विभिन्न हेल्प लाइन नंबर, महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियों स्क्वायड, बाल श्रम उन्मूलन, यूपी-112, वूमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, एंबुलेंस-102 एवं आत्मरक्षा संबंधी टिप्स, गुड टच, बैड टच आदि एवं साइबर अपराधों के प्रकार एवं उन पर प्रभावी रोकथाम हेतु जागरूकता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया।

# आगामी त्यौहार को लेकर पुलिस अलर्ट मोड़ पर सीओ सदर प्रिया यादव ने पुलिस बल के साथ कस्बा गागलहेड़ी में किया फ्लैग मार्च



**वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी**

**गागलहेड़ी।** आगामी त्यौहार को लेकर पुलिस अलर्ट मोड़ पर नजर आ रही है सीओ सदर प्रिया यादव ने पुलिस बल के साथ कस्बा गागलहेड़ी में किया फ्लैग मार्च और सड़को पर अतिक्रमण करने वालों को दी सख्त हिदायत गागलहेडी थाना प्रभारी प्रवेश शर्मा ने सभी से अपील करते हुए कहाँ कि सब लोग त्यौहार को आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ मनाये अगर कोई व्यक्ति हुड़दंग बाजी या उत्पाद करता है या किसी भी तरह की कोई अफवाह फैलाता है तो उसकी सूचना पुलिस के दे उसके खिलाफ तुरंत कार्यवाही की जाएगी इसके अलावा उन्होंने बताया कि सोशल मिडिया पर भी निगरानी की जा रही है अगर कोई व्यक्ति सोशल मिडिया पर भ्रामक पोस्ट डालता है या वायरल करता है उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को कोर्ट से मिली बड़ी राहत



**(संतोष कुमार सिंह)**

**वाराणसी:-** विगत सितंबर माह में अमेरिका यात्रा के दौरान कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा भारत में सिक्खों को लेकर दिए गए बयान को लेकर राहुल गांधी को बड़ी राहत मिल गया है अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चतुर्थ/एमपी-एमएलए कोर्ट ने इस मामले में लंबित प्रार्थना पत्र को सुनवाई के बाद खारिज कर दिया अदालत में राहुल गांधी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अनुज यादव,नरेश यादव व संदीप यादव ने पक्ष रखा मालूम हो कि बीते वर्ष के सितम्बर माह में राहुल गांधी ने अमेरिका में भड़काऊ बयान देते हुए कहा था कि भारत में सिक्खों के लिए माहौल अच्छा नहीं है क्या एक सिक्ख के रूप में पगड़ी बांधने,कड़ा पहनने और गुरुद्वारा जाने की अनुमति मिलेगी इस बयान को तिलमापुर सारनाथ के नागेश्वर मिश्र ने देश में गृह युद्ध भड़काने की साज़िश करार देते हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट (द्वितीय) की अदालत में वाद दाखिल किया था जिसके बाद अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एमपी-एमएलए) की अदालत ने इस वाद को सुनवाई के बाद खारिज कर दिया था।

इस अवर न्यायालय के आदेश के खिलाफ नागेश्वर मिश्रा ने सत्र न्यायालय में निगरानी याचिका दाखिल किया था। बाद में सत्र न्यायालय ने निगरानी अर्जी स्वीकार करते हुए अवर न्यायालय को पुनः सुनवाई के आदेश दिया था।

## एसपी सिटी एवं सीओ द्वारा गौरी शंकर महाविद्यालय में छात्र/छात्राओं को साइबर क्राइम के सम्बन्ध में किया जागरुक

बुलंदशहर राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के क्रम एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक नगर शंकर प्रसाद एवं क्षेत्राधिकारी खुर्जा पूर्णिमा सिंह द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत गौरी शंकर महाविद्यालय में गोष्ठी आयोजित कर छात्र/छात्राओं को साइबर क्राइम के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। गोष्ठी में उपस्थित सभी छात्र/छात्राओं को साइबर अपराधों के प्रकार एवं उन पर प्रभावी रोकथाम हेतु, जागरूकता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां, जैसे साइबर क्राइम हेल्पलाइन–1930 आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया।

# आकर्षक रंगोली सजाओ प्रतियोगिता में टेगोर व टेरेसा हाउस संयुक्त रूप से प्रथम

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर :** दीपावली के पावन अवसर पर स्योहारा रोड़ स्थित आर आर पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें रंगोली सजाओं प्रतियोगिता, दिया बनाओ प्रतियोगिता, आकर्षक कार्ड बनाओं प्रतियोगिताओं को मुख्य रुप से शामिल किया गया। स्कूल में कक्षा नौ से कक्षा बारहवीं तक के छात्र -छात्राओं ने आकर्षक रंगोली सजाते हुए रंगों से जमीन पर आकर्षक कलाकृतियां बनाकर शिक्षकों का मन मोह लिया। हम सभी को सारे शिकवे दूर कर आपसी प्रेम-



भाव साथ पर्व को मिलजुलकर मनाना चाहिए ।दूसरी ओर आकर्षक कार्ड बनाओं प्रतियोगिता में कक्षा एक से उत्कर्ष प्रथम , काव्यांश द्वितीय, आराध्या तृतीय कक्षा दो से अर्निका प्रथम, परिधि सिंह द्वितीय, भूपेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा तीन से परब्रह्म व अर्पित ने संयुक्त रूप से प्रथम, ध्रुव द्वितीय मौलिक तृतीय कक्षा चार से वशिष्ठ प्रथम, आयुषी द्वितीय, अर्पित तृतीय कक्षा पांच आस्था ने प्रथम वानिया ने द्वितीय , कनिष्का ने संयुक्त रुप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग की कक्षा छः से कक्षा आठ के बीच आयोजित हुई दीया बनाओं प्रतियोगिता में कलाम हाउस प्रथम,नानक हाऊस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर स्कूल की प्रबंधिका दीपा गुप्ता, डायरेक्टर प्राची गुप्ता, प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता, उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह, रीता त्यागी, स्वाति यादव, चंचल कटारिया, नरेंद्र सिंह,विरेंद्र कुमार, वासु चौधरी, तरूण गर्ग, रंजना चौहान रितु रानी, शैलेंद्र कौर आदि का विशेष योगदान रहा।

# नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**(संतोष कुमार सिंह)**

**वाराणसी :-** पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा गुमशुदा, अपहृता की बरामदगी तथा वांछित,फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के निर्देशन मे अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण मे व सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व मे थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0- 488/2025 धारा 87,137(2) बीएनएस व बढ़ोत्तरी धारा 64(1) बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी से नामजद वांछित अभियुक्त मुकेश पाण्डेय 30 वर्ष पुत्र स्व0 दिनेश पाण्डेय



निवासी आशापुर थाना सारनाथ वाराणसी को 16 अक्टूबर गुरुवार को सारनाथ रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार करते हुये,मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित नाबालिक अपहृता पिड़िता 16 वर्ष को सकुशल बरामद किया गया उक्त के सम्बन्ध में थाना सारनाथ पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की गया।

# बॉलीवुड के कॉमेडी के बादशाह राजपाल यादव ने पत्नी राधा को दी दिल छू लेने वाली जन्मदिन की बधाई

**सनी कुमार केसरवानी संवाददाता प्रयागराज**

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता और कॉमेडी के बादशाह राजपाल यादव ने अपनी पत्नी राधा के जन्मदिन पर सोशल मीडिया पर बेहद भावपूर्ण संदेश साझा किया।

राजपाल यादव ने लिखा कि उनके जीवन में दो राधा हैं एक उनकी कुलदेवी राधारानी, जो उनके माथे का तिलक हैं, और दूसरी उनकी अर्द्धांगिनी राधा, जो उनके गर्व और स्वाभिमान की पहचान हैं। राजपाल यादव ने आगे कहा, जिस तरह से तुमने घर और गृहस्थी संभाली है, और पिछले



22 साल मेरा साथ दिया है, वह वास्तव में काबिल-ए-तारीफ है। राजपाल यादव का यह संदेश उनके परिवार और जीवनसाथी के प्रति गहरे प्यार और सम्मान को उजागर करता है।

# शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर बीएसए से की मुलाकात

**वेलकम इंडिया**

बुलंदशहर अनुसूचित जाति जनजाति शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन शाखा जनपद बुलंदशहर के पदाधिकारियों द्वारा प्रांतीय महामंत्री इंद्रजीत सिंह जारचा के दिशा निर्देशन में जिला अध्यक्ष विजय गौतम व जिला महामंत्री दीपक कुमार के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बुलंदशहर से मुलाकात की जिसमें शिक्षको की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई जिसमें विशेष रूप से *चयन वेतनमान जो अब ऑनलाइन हो रहे हैं पर चर्चा हुई बीएसए ने बताया है कि कार्यालय खंड शिक्षा अधिकारी से प्राप्त हो रहे हैं ऑनलाइन आवेदन हमारे यहां से बिना विलंब के स्वीकृत किए जा रहे हैं* बीएसए ने यह भी



बताया कि शिक्षकों के सहयोग के लिए एजुकेटर की नियुक्ति हो चुकी है और जो पद शेष रह गए हैं। उनके लिए आवेदन भी 10 से 15 दिन में यथासंभव निकाल दिये जायेंगे ! इस मौके पर प्रांतीय महामंत्री इंद्रजीत सिंह जारचा जिला अध्यक्ष विजय गौतम जिला महामंत्री दीपक कुमार जिला कोषाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह जिला मीडिया प्रभारी कविराज विमल जिला उपाध्यक्ष शशिकांत सिंह दिनेश भारती वेद प्रकाश मौर्य संगठन मंत्री कमल किशोर राकेश कुमार नरेश कुमार ब्लॉक संयोजक बुलंदशहर लोकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान ने स्वदेशी मेले का किया शुभारंभ

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर।** विकास खण्ड परिसर में ब्लॉँक प्रमुख आकांक्षा एवं खण्ड विकास अधिकारी दिनेश पाल शर्मा के कर कमलों द्वारा स्वदेशी मेले का शुभारम्भ फीता काटकर किया गया। मेले में विकास खण्ड नूरपुर की ग्राम पंचायतों में संचालित स्वंय सहायता समूहो की महिलाओं द्वारा निर्मित दैनिक उपयोग का उच्च गुणवत्ता एवं पौष्टिक स्वदेशी घरेलू सामान जैसे आटा, खाद्यय तेल, दालें, बेसन, सूजी, मसालें, पास्ता, मैकरोनी, आदि व दीपावली के अवसर पर उपयोगी वस्तुएँ धूपबत्ती, हवन सामग्री, मूर्तिया, मिट्टी के दीए, मोमबत्ती, झाडू इत्यादि मेलें मे जनसामान्य के उपयोग हेतु उपलब्ध है। उक्त मेला दिनांक 18-10-2025 तक विकास खण्ड



परिसर नूरपुर में लगेगा। ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान द्वारा प्रत्येक सामान का निरीक्षण किया गया तथा स्वंय सहायता समूह द्वारा निर्मित सामान की गुणवत्ता की प्रशंसा करते हुए सभी समूह की महिलाओं को दैनिक घरेलू उपयोग की वस्तुओं का उत्पादन बढाने के लिए प्रेरित किया जिससे आमजन को उच्च गुणवत्तापूर्ण कैमिकल रहित सामान की उपलब्धता हो साथ ही आमजन से दीपावली पर्व के अवसर पर उक्त स्वयं सहायता समूहों के द्वारा निर्मित सामान की खरीदारी करने की अपील की। स्वदेशी मेले के उद्घघाटन के अवसर पर सलीम अहमद सहायक विकास अधिकारी, गिरीशचन्द लेखाकार, नीरज कुमार, रीति सूदन ग्राम पंचायत अधिकारी, छोटन सिंह, जावेद अख्तर, मुनेश देवी, बीएमएम, जनेश्वर सिंह, बाला देवी, पंकज देवी, पिंकी देवी, सीमा, शीतल, सुनीता, ललिता, संगीता, सुमन, आदि भारी संख्या में समूह की महिलाँए उपस्थित रही।

# दीप एवं थाल सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर :** प्रकाश पर्व दीपावली के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर नूरपुर में किया गया दीप एवं थाल सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन। विद्यालय में प्रकाश पर्व दीपावली के कार्यक्रम के शुभ अवसर पर दीप एवं थाल सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें दोनों प्रतियोगिताओं को अलग-अलग स्थान प्रदान किए गए दीपक सजाओ प्रतियोगिता में बहन माही कक्षा चतुर्थ से प्रथम कक्षा पंचम से खुशी द्वितीय और कक्षा पंचम से ही वंशिका तृतीय स्थान पर रही। वही थाल सजाओ प्रतियोगिता में कक्षा पंचम बी से मिस्टी प्रथम स्थान इसी का सैनी कक्षा पंचम से द्वितीय स्थान और ध्रुव कक्षा पंचम ए से तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम के शुभ अवसर पर




विद्यालय के प्रधानाचार्य सुधीर कुमार ने दीपावली पर्व को मनाने का उद्देश्य उसकी पौराणिक मान्यता पौराणिक और वैज्ञानिक उद्देश्य तथा दीपावली पर रखी जाने वाली सावधानियां से भैया बहनों को अवगत कराया। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में पूनम चौहान, आशा यादव और शिवानी ने भैया बहनों का स्थान निर्धारण किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में समस्त स्टाफ ने अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

# कल्पवृक्ष की तरह कार्य कर रही है ऋण सोसाइटी : श्यामसुन्दर शर्मा




वेलकम इंडिया

**मथुरा।** कान्हा की नगरी में आधुनिक मंदिर के नाम से विश्व-विख्यात इंडियन ऑयल मथुरा रिफाइनरी में कर्मचारियों के हितार्थ के लिए बनाई गई ऋण सोसाइटी ने संघर्ष करते हुए प्रदेश में अपनी अलग छाप छोड़ी है। गुरूवार की शाम को मथुरा रिफाइनरी कर्मचारी वेतनभोगी सहकारी ऋण समिति की एजीएम रिफाइनरी नगर स्थित एम्पलॉइज क्लब में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री पंडित श्याम सुंदर शर्मा पहुंचे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्रपट पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया।

वार्षिक बैठक में ऋण सोसाइटी के सचिव मुकेश शर्मा ने कहा कि मथुरा रिफाइनरी की स्थापना के समय पं. श्याम सुंदर शर्मा द्वारा ऋण सोसाइटी का एक छोटा सा पौधा रोपा गया था, जो आज एक वट-वृक्ष के रूप में बड़ा हो गया है और जिसकी छांव सभी रिफाइनरी कर्मचारियों को मिल रही है। इसीलिए पंडित श्याम सुंदर शर्मा को मथुरा रिफाइनरी ऋण सोसाइटी का जनक भी कहते हैं। ऋण सोसाइटी की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मथुरा रिफाइनरी कर्मचारी वेतनभोगी सहकारी ऋण समिति लिमिटेड का वित्तीय वर्ष 2024-25 में टर्नओवर 80 करोड़ 79 लाख 75 हजार रूपए रहा है और इस वित्तीय वर्ष में 1 करोड़ 35 लाख रूपए का शुद्ध लाभ सोसाइटी ने अर्जित किया है, जो कि अपने-आप में एक रिकॉर्ड बनाया है। इस मौके पर सीजीएम-एचआर अनिल कुमार, सुधांशु कुमार, सीजीएम-टी हरिशंकर रोखियार, जीएम-आईसी फाइनेंस मीनाक्षी अग्रवाल, ऑफिसर्स एसोसिएशन के सचिव रविन्द्र यादव, पानीपत रिफाइनरी ऑफिसर्स एसोसिएशन के सचिव आशुतोष पांडेय, कर्मचारी संघ के महामंत्री रामकिशन, समिति के अध्यक्ष राजकुमार यादव, संचालक अनिल कुमार, एमके चौधरी, अरूण कुमार, नोनवती आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता मथुरा रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल ने की एवं आभार व्यक्त समिति की संचालक गरिमा शाही ने किया।

## पुलिस ने 08 नफर वारण्टी को किया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में थाना दुधारा उ0नि0 वीर बहादुर यादव, उ0नि0 रामकुशल सिंह, उ0नि0 अनिल मिश्र उ0नि0 रामसूरत प्रसाद, उ0नि0 आजम अंसारी, उ0नि0 राजेश कुमार सिंह, उ0नि0 अभय कुमार पाण्डेय, हे0का0 प्रदीप सिंह विशेन, हे0का0 राजेश प्रसाद, हे0का0 राघवेन्द्र सिंह, का0 राधेश्याम गिरी, का0 श्रवण कुमार यादव, का0 सुधाकर तिवारी, म0का0 आरती सिंह ने 08 नफर वारण्टी रिंकू पुत्र राम मिलन निवासी छपिया आनन्द राय, मोतीलाल पुत्र सुखराज निवासी भूवनड़ाड, सुभावती पत्नी गनेश निवासी भुवनड़ाड, कमलेश कुमार पुत्र झकड़ी प्रसाद निवासी कानपारा, परम हंस पुत्र झकड़ी प्रसाद निवासी कानपारा, अखलेश पुत्र झकड़ी प्रसाद निवासी गण कानपारा, सुरेन्द्र पुत्र नरेश निवासी मीरपुर, राम नयन पुत्र अवधू निवासी मीरापुर को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया।

# 28289 छात्र-छात्राओं के खाते में छात्रवृत्ति की स्थानान्तरित

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया



**प्रतापगढ़।** समाज कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजनाओं से आच्छादित कक्षा 9, 10, 11 व 12 के छात्र/छात्राओं को मा0 मुख्यमंत्री जी के कर-कमलों से छात्रवृत्ति प्रदान किये जाने हेतु छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन लोक भवन सचिवालय लखनऊ में किया गया।

राज्य स्तर पर आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण (लाइव टेलीकास्ट) किया गया। जनपद के सम्बन्धित विद्यालयों/ शिक्षण संस्थानों जिनके छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरित की गयी है, उन सभी विद्यालयों /शिक्षण संस्थानों में इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। पूर्वदशम (कक्षा -9, 10) में अनुसूचित जाति के 5233 छात्र/छात्राओं को 73.26 लाख, सामान्य वर्ग के 2769 छात्र/छात्राओं को 83.07 लाख, पिछड़ा वर्ग के 10153 छात्र/छात्राओं को 215.03 लाख एवं अल्पसंख्यक वर्ग के 1060 छात्र/छात्राओं को 30.96 लाख इस प्रकार कुल 19215 छात्र/छात्राओं को 400.23 लाख की धनराशि वितरित की गई है।

दशमोत्तर (कक्षा -11, 12) में अनुसूचित जाति के 4316 छात्र/छात्राओं को 51.88 लाख, सामान्य वर्ग के 2955 छात्र/छात्राओं को 89.25 लाख, पिछड़ा वर्ग के 1012 छात्र/छात्राओं को 31.16 लाख एवं अल्पसंख्यक वर्ग के 791 छात्र/छात्राओं को 23.63 लाख, इस प्रकार कुल 9074 छात्र/छात्राओं को 195.94 लाख की धनराशि वितरित की गई है। पीएम श्री राजकीय बालिका इण्टर कालेज प्रतापगढ़ में छात्रवृत्ति वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं व अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया।

## सार संक्षेप

### भीमा फाउंडेशन व बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी के बीच एम. ओ. यू. पर हस्ताक्षर किए गए



**झांसी।** शिक्षाणार्थियों एवं शोधार्थियों द्वारा अपने अध्ययन के दौरान इंटर्नशिप, प्रशिक्षण, शैक्षणिक सहयोग एवं शोध व अनुसन्धान में सहयोग और बढ़ावा देने के लिए समाज कार्य विभाग डॉ0 बी0 आर0 अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान संस्थान के मध्यम से भीमा फाउण्डेशन व बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी के बीच एम0ओ0यू0 (मेमोरेण्डम ऑफ अण्डरस्टैंडिंग) पर हस्ताक्षर किये गये। बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी के कुलपति श्री मुकेश पाण्डेय के अनुमोदन एवं कुलसचिव श्री ज्ञानेंद्र कुमार एवं समाज कार्य विभाग डॉ0 बी0 आर0 अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान संस्थान के विभागाध्यक्ष डॉ यतेंद्र कुमार मिश्रा एवं भीमा फाउण्डेशन की सचिव आराधना निराला एवं कोषाध्यक्ष चन्द्रभान द्वारा अनुबंध पर हस्ताक्षरित किये गये भीमा फाउण्डेशन की सचिव आराधना निराला कहा कि इस अनुबंध के माध्यम से हम समाज कार्य विभाग के छात्र/छात्राओं में इंटर्नशिप में रूचि व संयुक्त परियोजनात्मक शोध व छात्र/छात्राओं के साथ विभिन्न कार्यक्रम, सेमीनार/बेबिनार, सम्मेलन एवं कार्यशालाओं में प्रतिभाग करते हुए सामाजिक संवेदनशीलता, जागरूकता एवं समझ आदि को विकसित किया जायेगा।

### नगर पालिका क्षेत्र हापुड़ के वार्ड नंबर 31 में 2759708 लागत




वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** जनपद हापुड़ के नगरपालिका क्षेत्र हापुड़ के वॉर्ड 31 में मौहल्ला देवलोक कॉलोनी में शांति निकेतन स्कूल से संजय गुप्ता के मकान तक नाली व हॉटमिक्स सड़क और वार्ड 32 में मौहल्ला इंद्रलोक कॉलोनी मे मदनलाल के मकान से पप्पू के मकान तक नाली व हॉटमिक्स सड़क निर्माण कार्यों का फीता काटकर शिलान्यास किए ह्व इस अवसर पर नगरपालिका कर्मचारियों सहित सभासद महोदया भी उपस्थित रहे !वार्डवासियों ने फूलमालाएं भेंट कर स्वागत किया।

## उप्र पावर सेक्टर की 51 वी अंतर परियोजना एवं डिस्कोम शतरंज एवं कैरम प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ

वेलकम इंडिया



**झांसी।** उ प्र पावर सेक्टर की 51 वीं शतरंज एवं कैरम प्रतियोगिता पारीछा तापीय परियोजना मे राधे मोहन (मुख्य महाप्रबंधक) जी के तत्वाधान मे आयोजित की गई, पारीछा परियोजना मे दो-दिवसीय कैरम एवं शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन पॉवर सेक्टर के कीड़ा अधिकारी श्री विनय कुमार जी के नेतृत्व मे किया गया जिसमे समस्त विद्युत परियोजना एवं डिस्कॉम की कुल 13 टीमों ने प्रतिभाग लिया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इं राधे मोहन जी (मुख्य महाप्रबंधक) द्वारा प्रतिभागियो पुरस्कृत हेतु उच्च प्रदर्शन हेतु टीम इस प्रकार रही किया शतरंज प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान पश्चिमांचल, द्वितीय स्थान हरदुआगंज परियोजना एवं तृतीय स्थान पारीछा परियोजना द्वारा जीता गया एवं कैरम प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान पर मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की टीम, द्वितीय स्थान ओबरा परियोजना की टीम एवं तृतीय स्थान हरदुआगंज विद्युत परियोजना की टीम ने प्राप्त किया कार्यक्रम मे उपस्थित सह संयोजक इं अनीश कपूर (महाप्रबंधक), कार्यक्रम अध्यक्ष इं निशीथ शर्मा (अधीक्षण अभियंता), श्री विनय कुमार डिप्टी कमांडन्ट, इं डी के सिंह (अधीक्षण अभियंता), इं मनोज बागिश,,इं दिवाकर शुक्ला, ,इं अमिता कुमारी, इं अंकिता कटियार,इं अक्षय कुमार,इं नीलेश मिश्रा, इं अमित सुमन, इं कविता एवं समस्त परियोजनाओ एवं डिस्कॉम के खिलाडी उपस्थित रहे क्रीड़ा सचिव इं प्रभात कुमार उमराव (अधिशाषी अभियंता) द्वारा सभी सभी विजेता टीम एवं अतिथियों का आभार व्यक्त

किया गया एवं कार्यक्रम का सफल संचालन इं गिरीश सिंह चौहान जी द्वारा किया गया।

## ककोड़ में धूमधाम से मनोरंजन प्रदर्शिनी व दीपावली महोत्सव का होगा आयोजन

**बुलंदशहर।** ककोड़ कस्बे में प्राचीन शिवालय देवी मंदिर के पास 19 अक्टूबर 2025 को रविवार के दिन ₹नये युग का बाल मनोरंजन प्रदर्शिनी व दीपावली महोत्सव₹ का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में मनोरंजन के विभिन्न कार्यक्रमों के साथ-साथ दीपावली महोत्सव की भी भव्य शुरूआत होगी। कार्यक्रम के ठेकेदार ठा. पंकज सिंह ने बताया कि इस मेले में स्थानीय लोगों के लिए मनोरंजन के कई विकल्प होंगे। इस आयोजन से ककोड़ कस्बे के लोगों को एक अच्छा मनोरंजन का अवसर मिलेगा और दीपावली के त्योहार को और भी खास बनाया जाएगा।

## आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, प्रशासन द्वारा प्रस्तावित, 'मिशन शक्ति फेस- 5' कार्यक्रम



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** जनपद हापुड़ के महाविद्यालय आर्य कन्या के अंतर्गत नारी शक्ति को जागरुक एवं सशक्त करने हेतु रैली का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर साधना तोमर ने रैली निकालने के पूर्व छात्राओं को संबोधित करते हुए आज के डिजिटल युग में नारी शक्ति की आवश्यकता को रेखांकित किया तथा छात्राओं को एक सशक्त हस्ताक्षर के रूप में समाज में अपना स्थान बनाने के लिए प्रेरित किया।'मिशन शक्ति फेस-5 की सदस्या डॉ.अलका सिंह के नेतृत्व में महाविद्यालय की लगभग 150 छात्राओं तथा प्राध्यापिकाओं ने जागरूकता रैली में प्रतिभागिता की। छात्राओं ने पोस्टर एवं बैनर के साथ रैली निकाली, साथ ही उन्होंने नारी शक्ति को जागरूक करने हेतु नारे भी लगाए।₹नारी के बिना पुरुष अधूरा है, नारी से ही घर पूरा है₹, जब है नारी में शक्तिसारी तो क्यों कहे नारी को बेचारी₹, महिलाओं को दे शिक्षा का उजियारा, पढ़ लिख कर करें रोशन जग सारा₹, महिलाओं को ना समझो बेकार, ये हैं जीवन का आधार,₹आदि नारों के साथ छात्राएं आगे बढ़ीं। छात्राओं ने उत्साह और उमंग से रैली को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम में डॉ. सर्वेश कुमारी का विशेष योगदान रहा।

## पराली जलने पर भरनाखुर्द लेखपाल को निलंबित किया



वेलकम इंडिया

**मथुरा/गोवर्धन।** तहसील गोवर्धन में आदेशों व निदेर्शों का उल्लंघन करने एवं बरती जाने वाली घोर लापरवाही की दशा में एसडीएम ने भरनाखुर्द के लेखपाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। शुक्रवार को एसडीएम प्रजाक्ता त्रिपाठी ने गोवर्धन तहसीलदार की आख्या पर के अनुसार उपरोक्त समस्त तथ्यों को देखते हुए अपने उच्चाधिकारियों के आदेशों व निदेर्शों का उल्लंघन करने एवं बरती जाने वाली घोर लापरवाही की दशा में भरनाखुर्द के लेखपाल पवन कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। एसडीएम प्रजाक्ता त्रिपाठी ने बताया कि ग्राम भरनाखुर्द में सैटेलाइट के द्वारा पराली जलाए जाने की घटना प्रदर्शित हुई है। इससे ऐसा प्रतीत होता है, कि लेखपाल पवन कुमार द्वारा पराली जलाने से रोकने के लिए ग्राम में व्यापक प्रचार प्रसार नहीं किया है और अपने स्तर से मुनादी आदि नहीं कराई गई है। जिसके फलस्वरूप उक्त घटनाएं परिलक्षित हुई है, जो पराली न जलाए जाने के अभियान में घोर लापरवाही का घोतक है। लेखपाल पवन कुमार द्वारा उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना भी की गई है। इसलिए उन्हें निलंबित किया गया है।

# अध्यापकों के साथ हुई श्रीअन्न पर चर्चा

संदीप तिवारी वेलकम इंडिया




**वाराणसी मिजार्मुराद ।** उ.प्र.मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम अंतर्गत स्कूल कैरीकुलम के माध्यम से प्रचार हेतु चोलापुर ब्लाक संसाधन केंद्र पर शुक्रवार को अध्यापकों के साथ श्रीअन्न (मिलेट्स,मोटा अनाज) पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी।जनपद के उप कृषि निदेशक अमित जायसवाल के दिशा निर्देशन में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में चोलापुर क्षेत्र के अध्यापकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।कृषि विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम के तकनीकी सत्र में अग्रसेन पीजी कालेज की प्रोफेसर डा.रूचि त्रिपाठी एवं भूमि संरक्षण इकाई के वरिष्ठ प्राविधिक सहायक मनोज कुमार यादव ने अध्यापकों को बताया कि मोटे अनाज औषधीय गुणों की खान हैं।साथ ही अपेक्षाकृत कम उपजाऊ जमीन ,कम पानी में भी अच्छा उत्पादन देते हैं साथ धान, गेहूं जैसी फसलों की अपेक्षा मोटे अनाजों में सूखा सह करने की क्षमता अधिक होती है।ऐसे अब समय की मांग व बदलती लाइफ स्टाइल को ध्यान में रखते हुए हमें मोटे अनाज की खेती को प्रोत्साहित करना होगा जिससे गुणवत्तायुक्त व विषमुक्त खाद्यान्न का उत्पादन किया जा सके। शिक्षा विभाग के एबीएसए नागेंद्र सरोज ने अध्यापकों से उ.प्र.मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम को सफल बनाने व मोटे अनाज का व्यापक प्रचार प्रसार करने की अपील की।

सहायक विकास अधिकारी कृषि केशव प्रसाद यादव ने मोटे अनाज पर आधारित कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।

इस दौरान सहायक विकास अधिकारी कृषि रक्षा अजयेद्र श्रीवास्तव,प्राविधिक सहायक स्वाति राय,पंकज भास्कर,सुभाष झा,सौरभ सिंह के साथ ही शिक्षकगण उपस्थित रहे।कार्यक्रम का सचाल व धन्यवाद ज्ञापन खण्ड तकनीकी प्रबंधक देवमणि त्रिपाठी ने किया।

# गढ़ विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के भावी प्रत्याशी सुधीर चौहान ने पत्रकारों को किया सम्मानित

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



**हापुड।** जनपद के थाना सिंभावली क्षेत्र के दिल्ली रोड पर महाराजा फार्म हाउस में शुक्रवार को इंडियन प्रेस एलिवेशन संगठन के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सागर के नेतृत्व में सभी पत्रकार गढ़ विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी से भावी प्रत्याशी सुधीर चौहान द्वारा आयोजित दीपावली मिलन समारोह में उपस्थित हुए और साथ ही समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में सपा जिला अध्यक्ष आनंद उर्फ बबलू गुर्जर भी उपस्थित हुए।

सुधीर चौहान ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि गढ़ विधानसभा क्षेत्र की धरती पर पैदा होकर पला बड़ा हूं, अच्छी पढ़ाई कर आपके बीच पहुंचा। मुझे अपना आशीर्वाद दो। अगर गढ विधानसभा क्षेत्र की जनता ने मुझे 2027 में सेवा करने का मौका दिया तो धरातल पर कार्य कर आम जनमानस लोगो की समस्याएं को सुन अधिकारियों से संपर्क कर उनके समाधान करूंगा और गढ़ विधानसभा क्षेत्र का विकास कर ऊंचाइयों पर पहुंचने का कार्य करूंगा। उनके जो कार्य ग्रामीण आँचल में अधूरे है उन्हें में पूरा करुंगा। सपा जिला अध्यक्ष बबलू गुर्जर ने पत्रकार के सम्मान में बताते हुए कहा कि 2027 में प्रदेश में सपा की सरकार बनने पर यूट्यूब से लेकर,इलेक्ट्रॉनिक मीडिया व प्रिंट मीडिया के पत्रकारों की आवाज को नहीं दबाया जाएगा। जो वर्तमान सरकार पत्रकार की आवाज को दबाने का कार्य कर रही हैं। दीपावली मिलन समारोह में उपस्थित हुए सभी पत्रकारों का भावी प्रत्याशी सुधीर चौहान ने मिठाई देते हुए फूल-माला पहनकर व शोल उड़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष आनंद उर्फ बबलू गुर्जर, विधानसभा अध्यक्ष सुंदर शर्मा व सैकड़ो पत्रकार उपस्थित हुए।

## सुनील कुमार को 4 वर्ष का कठोर कारावास

**बुलंदशहर।** जनपद की न्यायालयों में डीजीसी,एडीजीसी के साथ अभियोजन अधिकारी भी प्रभावी पैरवी कर वादी को न्याय दिलाने के लिए आरोपी को दिला रहे सजा। बुलंदशहर के खुर्जा में स्थित अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में 25 वर्षों पुराने मुकदमे में अभियोजन अधिकारी रमेश सिंह द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुए न्यायाधीश सुमित चौधरी द्वारा सबूत एवं गवाहों के आधार पर आरोपी सुनील कुमार को दोषी करार देते हुए 4 वर्ष का कठोर कारावास एवं 5000 रुपए की सजा सुनायी। जिसमें वादी के परिजनों ने अभियोजन अधिकारी एवं न्यायाधीश को बधाई दी। बता दें कि थाना खुर्जा नगर में सन् 2000 में एक मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसमें सुनील पुत्र तार सिंह निवासी गांव कालंदरगढ़ी खुर्जा द्वारा नाबालिक आयु के समय में एक अन्य नाबालिक बच्चे के साथ कुकर्म जैसी यौन शोषण घटना कारित की गई थी।

# महिलाओं की सुरक्षा , सम्मान और स्वाभिमान के विषय में दी जानकारी

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** थाना क्षेत्र में मिशन शक्ति अभियान के तहत शिक्षिकाओं को महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वाभिमान के विषय में जानकारी दी गई। शुक्रवार को महिला चौकी प्रभारी सुनीता सिंह व एंटी रोमियो प्रभारी एसआई विनय बौद्ध ने मिशन शक्ति अभियान के तहत जन जागरण अभियान चलाकर कस्बा स्थित आदर्श कामिनी शिक्षा निकेतन गर्ल्स इन्टर कॉलेज विद्यालय में मिशन शक्ति केन्द्र व उसके कार्यों के बारे में अवगत कराते हुए हुए जागरूक किया व पैम्पलेट वितरित किए। सभी छात्राओं और शिक्षिकाओं को महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वाभिमान के विषय में जानकारी दी गई।

महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति होने वाली हिंसा, साइबर क्राइम तथा इनसे बचावों के तरीके, सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने के विषय में बताते हुए आवश्यकता पड़ने पर उपयोग करने के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं हेल्पलाइन नम्बरों मुख्यतः 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बुलेंस सेवा आदि के विषय में जानकारी दी गई। अनजान लिंक पर क्लिक न करने की हिदायत देते हुए अपना ओटीपी किसी के साथ साझा न करने के लिए जागरुक किया गया।

# नगर पालिका बोर्ड बैठक में प्रभारी ईओ की जिम्मेदारी बदली

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** नगर पालिका के प्रभारी अधिशासी अधिकारी पद का विवाद समाप्त हो गया। कोर्ट के आदेश के बाद नगर पालिका बोर्ड की बैठक मे पालिका में कार्यरत वरिष्ठ कार्मिक विजय कुमार कनवासी को प्रभारी ईओ का चार्ज सौप दिया है। अब दीपावली पर कर्मचारियों को वेतन मिलने का रास्ता भी साफ हो गया है। कर्मचारियों ने भी जल्द वेतन देने की मांग की है। नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई बोर्ड बैठक में कोर्ट के आदेश पर चर्चा की गई। जिसमें सभी सदस्यों में सर्वसम्मति में पालिका में कार्यरत प्रधान सहायक विजय सिंह कनवासी को चार्ज दिए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। अध्यक्ष खेतवाल ने बताया कि वरिष्ठता के आधार पर विजय सिंह कनवासी प्रधान सहायक के पद पर कार्यरत है।

> बोर्ड बैठक के बाद नये प्रभारी ईओ तैनात हो गए हैं। उन्हें वित्तीय अधिकार भी दिए गए हैं। कर्मचारियों के वेतन निकालने की प्रक्रिया चल रही है। दीपावली से पहले सभी कर्मचारियों को वेतन दे दिया जाएगा।
> **-सुरेश खेतवाल,अध्यक्ष,नगर पालिका**

जिनका ग्रेड पे 4200 है, जबकि केंद्रीय सेवा में उनकी नियुक्ति तिथि 15-06-2021 है। जबकि कर अधिकारी का ग्रेड पे 2800 है, जबकि उनकी नियुक्ति तिथि 26-03-2023 है। स्टाफिंग पैटर्न में सर्वप्रथम अधिशासी अधिकारी, अवर अभियंता, प्रधान सहायक, वरिष्ठ सहायक, सहायक लेखाकार, सफाई निरीक्षक, कर एवं राजस्व निरीक्षक के पद है। बैठक में सभासद प्रेम सिंह हरड़िया, ललित तिवारी, विजय पाल मटियानी, विक्की सुयाल, नवीन रावल,ज्योति पूना, नवीन कुमार, कैलाश आर्या, नीमा जोशी, रूपा देवी, नीमा वर्मा आदि मौजूद रहे। इधर नये ईओ के आने के बाद करीब 20 दिन से चल रहा विवाद समाप्त हो गया है। वही बोर्ड बैठक के बाद हटाए गए ईओ हयात सिंह परिहार ने इसे न्यायालय की अवमानना बताते हुए बोर्ड बैठक में नही बुलाए जाने, और श्रेष्ठता के आधार पर स्वयं को श्रेष्ठ बताते हुए फैसले को हाई कोर्ट में चुनोती देने की बात कही है।फिलहाल माना जा रहा है कि पालिका की लड़ाई अब कानूनी होती जा रही है।फिलहाल बोर्ड बैठक में नए ईओ को तैनाती दी जाएगी।

## एएसपी नगर एवं प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर एवं पुलिस टीम को सम्मानित किया

**बुलंदशहर।** राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के क्रम एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में शुक्रवार को सहायक पुलिस अधीक्षक नगर ऋजुल द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत ज्वैलर्स शॉप पर जिला व्यापारी संघ व व्यापारियों के साथ गोष्ठी आयोजित कर साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया। गोष्ठी में उपस्थित सभी व्यापारियों द्वारा ज्वैलर्स की दुकान से हार चोरी होनी की घटना का सफल अनावरण होने के उपरान्त सहायक पुलिस अधीक्षक नगर ऋजुल एवं प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर धर्मेन्द्र सिंह राठौर एवं पुलिस टीम को फूल-माला पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। जिसके उपरान्त सभी व्यापारियों को साइबर अपराधों के प्रकार एवं उन पर प्रभावी रोकथाम हेतु, जागरूकता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां, जैसे साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930 आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया।

# आरएसएस का पथ संचालन का कार्यक्रम आयोजित किया

निर्मल सैनी वेलकम इंडिया



**माल,लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में माल खंड द्वारा आयोजित भव्य पथ संचलन कार्यक्रम उत्साह, अनुशासन व राष्ट्रभावना के वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बौद्धिक सत्र में विभाग प्रमुख अमित ने स्वयंसेवको को संबोधित करते हुये कहा संघ शिक्षा को लेकर लगातार प्रयासरत है हम राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने को लेकर प्रयासरत है। हम हिदू शब्द का प्रयोग इस लिये करते है कि हिंदू में सभी जातीय आ जाती है। हम सभी को समान अधिकार देने का कार्य कर रहे है। ऊच नीच का भाव समाज से समाप्त करना ही संघ का प्रमुख उद्देश्य है।

संघ के शताब्दी वर्ष को समाज जीवन में नवचेतना और संगठन की शक्ति का प्रतीक है। संघ का प्रत्येक स्वयंसेवक समाज के लिए जीने की प्रेरणा देता है और राष्ट्र निर्माण के हर कार्य में अपनी भूमिका निभाता है।

कार्यक्रम के संयोजक सांस्कृतिक गौरव संस्थान के संतोष सिंह एवं संयोगिता सिंह चौहान (प्रधान संघ अध्यक्ष माल) ने बताया कि इस पथ संचलन में क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से सैकड़ों स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में सहभाग किया। उन्होंने संघ के कार्य एवं विचारधारा की जानकारी दी।पथ संचलन में क्षेत्र की सड़कों पर अनुशासन के साथ ही निकले मार्च पर जगह जगह पुष्पवर्षा की गयी। इस कार्यक्रम में शिखा सिंह तोमर, राम नरेश सिंह,विनय सिंह, रमाकांत गुप्ता, निरंजन सिंह एवं अन्य स्वयं सेवी सदस्य मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### एजूकेशनल मिनिस्टीरियल ऑफिसर्स एसोसिएशन का चुनाव सम्पन्न



वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी।** यू.पी.एजुकेशनल मिनिस्टीरियल ऑफिसर्स एसोसिएशन का जनपदीय चुनाव क्वींस कॉलेज में चुनाव अधिकारी शशिकांत श्रीवास्तव एवं सहायक चुनाव अधिकारी विवेक श्रीवास्तव व मनीष द्वारा संपन्न कराया गयो चुनाव में सुधीर कुमार वर्मा जिलाध्यक्ष, अनुज पाण्डेय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अश्विनी कुमार सिंह, सचिव,रविना रावत कोषाध्यक्ष, सुनील कुमार गुप्ता सम्प्रेक्षक निर्वाचित घोषित किए गऐ चुनाव में दीपेंद्र कुमार श्रीवास्तव,सुभाष सिंह,कुन्दन सिन्हा,सुबोध श्रीवास्तव,विशाल ल्यूक शमीम आलम हाशमी,सीमा श्रीवास्तव,सीमा मिश्रा,इंदू बाला श्रीवास्तव,उरुज जेहरा नीलम सिंह,खरवन यादव,रामनाथ गुप्ता,चंद्रिका मिश्रा,धर्मनाथ राय,गोपाल श्रीवास्तव,उपेंद्र सिंह,विनय सिंह,बच्चू यादव, अशफाक अहमद,राजेंद्र यादव,सुभाष चंद्र मिश्रा, खरपत्तू राम,तिलकधारी मौर्य,सोमनाथ राम,विंध्याचल श्रीवास्तव, रितेश यादव,अरुण कुमार,किरन राय,कमलेश उपाध्याय, हिमांशु शेखर आदि उपस्थित रहे।

### इनर व्हील क्लब वाराणसी मित्रम द्वारा डांडिया का भव्य आयोजन



वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी।** इनर व्हील क्लब वाराणसी मित्रम द्वारा डांडिया का कार्यक्रम रवींद्रपुरी स्थित एक होटल में किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने जमकर डांडिया रास का लुत्फ उठायो कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्थापिका अंजलि अग्रवाल, अध्यक्ष श्वेता मिश्रा, सेक्रेटरी प्रियंका ट्रेसरार, ममता तिवारी, पल्लवी केसरी, शतरूपा केसरी, पारुल, श्वेता, सुषमा, सोनी, निशा ममता पांडे रानी मीना लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्वेता कोला ने किया।

# पटाखों पर शिकंजा, 130 किलो माल के साथ दो गिरफ्तार

वेलकम इंडिया/मोहम्मद असलम



**लखीमपुर खीरी।** दीपावली के त्यौहार को देखते हुए खीरी पुलिस अवैध पटाखों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में थाना खीरी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 130 किलोग्राम अवैध पटाखों के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान सरफराज हुसैन पुत्र इफ्तिकार हुसैन निवासी ग्राम जगतिया कस्बा ओयल तथा जावेद उर्फ जाबिर पुत्र आशिक अली निवासी मोहल्ला शिवाला कस्बा ओयल थाना खीरी के रूप में हुई है।यह कार्रवाई थाना अध्यक्ष निराला तिवारी के नेतृत्व में की गई।

पुलिस टीम ने अभियुक्तों को रंगे हाथों पकड़कर उनके कब्जे से अवैध 130 किलोग्राम पटाखे बरामद किए। इस संबंध में थाना खीरी पर मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक पटेल सिंह राठी, अजय कुमार सिंह, शुभम कुमार, तथा पुलिस बल के अन्य जवान शामिल रहे।

गौरतलब है कि बीते दिनों भी थाना खीरी पुलिस ने इसी तरह की कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध पटाखों का भंडाफोड़ कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया था। पुलिस का यह अभियान दीपावली पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था और जनसुरक्षा बनाए रखने के उद्देश्य से जारी है।

# पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान को लेकर गम्भीरता बरतें अधिकारी

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण विभाग की त्रैमासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों से संबंधित समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई।जिलाधिकारी ने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि बैठक से पूर्व सभी संबंधित विभागों को एजेंडा साझा किया जाए और उन्होंने यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी पूर्व सैनिकों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल रहा है या नहीं।वहीं सैनिक कल्याण विभाग के ब्लॉक प्रतिनिधियों को उपजिलाधिकारी और खंड विकास अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर पूर्व सैनिकों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान करने के निर्देश दिए गए।बैठक से पूर्व नवागत जिलाधिकारी का सैनिक सँगठन ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने जल संस्थान को कुलवान के कांडपाल तोक की क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत करने, पीडब्लूडी के अधिशासी अभियंता को घाघड़ बाईपास से गंगनाथ मंदिर तक दो किमी सड़क के एस्टीमेट तैयार करने तथा एनएच से देवतोली तक लिंक मोटर मार्ग के डामरीकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पूर्व सैनिक के जमीनी विवाद के संबंध में एसडीएम को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी सड़क निर्माणदायी संस्थाओं को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी परिस्थिति में कोई भी सड़क 24 घंटे से अधिक बंद नहीं रहनी चाहिए।

# पुलिस ने हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी धनघटा प्रियम राजशेखर पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद संतकबीरनगर में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना धनघटा प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश दूबे, निरीक्षक अपराध रामेश्वर यादव, हे0का0 रमेश मिश्र, का0 सत्यम सिंह, का0 रजनीश यादव ने दिनाँक 17.10.2025 को हत्या की घटना में संलिप्त 01 नफर अभियुक्त टीमल पुत्र स्व0 प्रेम निवासी ग्राम परसहर पूर्वी थाना धनघटा को सिरसी गाँव से आगे परसहर पुर्वी गाँव को जाने वाली मार्ग से गिरफ्तार किया तथा घटना में प्रयुक्त एक अदद ईट आला कत्ल व तीन अदद लकड़ी बरामद किया।

दिनाँक 16.10.2025 को वादी मुकुरी पुत्र प्रेम निवासी परसहर पूर्वी थाना धनघटा द्वारा थाना धनघटा पर प्रार्थना पत्र दिया कि दिनांक 15.10.2025 की रात समय करीब 09.00 बजे खाना खाकर सो रहे थे कि मुझसे बड़ा भाई टिमल मेरी माता कबुतरा देवी से शराब पीने के लिए 50 रू0 मांग रहा था मेरी माँ पैसा देने से मना कि तो नाराज होकर माँ को डण्डा व ईंट से मारने लगा हम डर कर भाग गये सुबह घर जाकर देखा तो मेरी माँ कबुतरा देवी घर में मृत पड़ी थी तथा मेरी माँ के सिर से खुन निकल कर जमीन पर फैला है । प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना धनघटा पर मु0अ0स0 527/2025 धारा 103(1) बी0एन0एस0 पंजीकृत कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया ।

# जल्द ग्राम पंचायतों का करो गठन

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** चुनाव केढाई महीने बीतने के बाद भी ग्राम पंचायतों में वार्ड सदस्यों के चुनाव नही होने से पंचायतों को कार्यभार नही मिल पाने से निर्वाचित ग्राम प्रधानों में रोष है। अपनी नाराजगी को लेकर बागेश्वर ब्लॉक के निर्वाचित ग्राम प्रधानों ने विरोध में ब्लॉक मुख्यालय में प्रदर्शन किया। जहां तत्काल पंचायतों को कार्यभार देने हेतु पंचायत वार्ड सदस्यों का चुनाव कराने की मांग की गई।यहां हुई सभा में वक्ताओं नेक हा कि पंचायत से संबंधित कार्य लोगों के नहीं हो पा रहे हैं।

उन्होंने सरकार ने जल्द गठन करने की मांग की है। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम प्रधान शुक्रवार को जिला मुख्यालय में एकत्रित हुए। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि 31 जुलाई को राज्य चुनाव आयोग ने पंचायत चुनाव संपन्न कराए, लेकिन ढाई महीने बीत जाने के बाद भी कई ग्राम पंचायतों का गठन आज तक नहीं हो पाया है। इस कारण का गांव का विकास रुक गया है। गांव के लोग उनके पास काम के लिए आ रहे हैं, लेकिन पंचायत गठन नहीं होने से उनके भी हाथ बंधे हैं।

उन्होंने तक प्रधानों को उनके अधिकार नही मिलने से केवल नाम का प्रधान बनने, और कोई भी अधिकार प्राप्त नही होने की बात कही। जल्द पंचायत गठन करने की मांग की। उन्होंने मनरेगा के कार्य पूर्व की भांति ऑफलाइन कराने की मांग की। संचार सुविधा नहीं होने से ऑनलाइन काम करना कठिन होगा। जल्द पंचायतों का गठन नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। इसी जिम्मेदारी सरकार की होगी। ब्लाक कार्यालय में प्रदर्शन के बाद ग्राम प्रधान जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी समस्या का ज्ञापन जिलाधिकारी आकांक्षा कोड़े को सौपा।

इस मौके पर भगवत सिंह,दीपक खेतवाल, प्रवीण कुमार, नीमा देवी, नवीन चंद्र, गिरीश सिंह, बहादुर सिंह कार्की, रमेश टम्टा,ज्योगत देवी,संदीप असवाल, रमेश पांडेय, नंदन सिंह,रमेश असवाल, चंचल सिंह, जानकी टम्टा, भूपेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, नरेंद्र रौतेला, चंदन सिंह, इंद्रा देवी, हरीश जनौटी आदि मौजूद रहे।

# धनतेरस और दीपावली पर बन रहा शुभ संयोग ज्योतिषाचार्य कावेरी मुखर्जी ने बताए समृद्धि के रहस्य

वेलकम इंडिया



**प्रयागराज।** धन, स्वास्थ्य और समृद्धि का प्रतीक धनतेरस इस वर्ष एक अत्यंत शुभ ज्योतिषीय संयोग के साथ आ रहा है। ज्योतिषाचार्य कावेरी मुखर्जी के अनुसार इस वर्ष का धनतेरस (17 अक्टूबर) पुष्य नक्षत्र और त्रिपुष्कर योग के साथ पड़ रहा है, जिसे साल का सबसे शुभ समय माना जाता है।इस अवधि में की गई खरीदारी पूरे वर्ष सौभाग्य और समृद्धि लाती है।

### धनतेरस पर किस देवता की पूजा करें

मुखर्जी जी के अनुसार धनतेरस पर भगवान धन्वंतरि और माता लक्ष्मी की पूजा करनी चाहिए। दक्षिण दिशा में दीपक जलाकर, भगवान धन्वंतरि को तुलसी के पत्ते, पुष्प और धूप अर्पित करने से अत्यंत शुभ फल मिलता है।

शुभ पूजन समयः शाम 6:30 बजे से 8:30 बजे तक – यह समय खरीदारी, दीप जलाने और पूजा-अर्चना के लिए उत्तम है, जो स्थायी धन और सुख-शांति प्रदान करता है।

### दीपावली पूजा और शुभ मुहूर्त

दीपावली (19 अक्टूबर) को लक्ष्मी-गणेश पूजन का सबसे शुभ समय शाम 7:00 बजे से 9:00 बजे तक है।

इस समय माँ लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा करने से घर में समृद्धि, शांति और सौभाग्य का वास होता है।

मुखर्जी जी ने बताया कि घर को स्वच्छ रखें, दीप जलाएं और दरवाजे पर रंगोली सजाएं – इससे सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ता है।

# जरगवां गांव के बाईपास मार्ग का फीता काटकर निर्माण कार्य का किया शुभारंभ



वेलकम इंडिया

**रामघाट/बुलंदशहर।** पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय बाबूजी कल्याण सिंह के नाम से बनाए जा रहे अलीगढ़ रामघाट कल्याण मार्ग के अंतर्गत जरगवां के बाईपास का निर्माण कार्य हेतु मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शिलान्यास पटिया का भाजपा विधायक चंद्रपाल सिंह लोधी के प्रतिनिधि अनुज भाई केसरी सिंह लोधी ने भूमि पूजन कर फीता काटकर शुभारंभ किया। आपको बता दें कि स्वर्गीय बाबूजी कल्याण सिंह के नाम से अलीगढ़ से लेकर रामघाट तिराहे तक फोर लेन मार्ग बनाया जा रहा है जिसकी लम्बाई 6 किलोमीटर तथा 20 मीटर चौड़ा मार्ग बनाया जाएगा यह बाईपास जरगवां के फौजी चौराहे के समीप से बाईपास फोरलेन 3 .25 किलोमीटर जरगवां के पश्चिम साइड से होते हुए लाल झंडी आश्रम तक बनाया जाएगा। फोरलेन बाईपास निर्माण कार्य हेतु मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शिलान्यास पटिया का केसरी सिंह लोधी ने पूजा अर्चना के साथ भूमि पूजन कर फीता काट कर शुभारंभ किया है।

# मिशन शक्ति फेस 0.5 के अंतर्गत जेनेसिस इंटरनेशनल स्कूल में छात्राओं को किया जागरूक



वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी।** मिशन शक्ति फेस 0.5 के अंतर्गत जेनेसिस इंटरनेशनल स्कूल अर्जुनपुर सेवापुरी थाना कपसेठी में छात्राओं को परामर्श और कानूनी मदद देने के लिए सभी थानों पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नवीन स्थापित मिशन शक्ति केंद्र से अवगत कराया गया मिशन शक्ति केंद्र किस प्रकार महिलाओं की सहायता करता है अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना कपसेठी,उ0नि0 अभिषेक कुमार तिवारी,म0का0 अंजू 1 द्वारा छात्राओं को जागरूक किया गया व सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया व विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे कि 1090,1098,1076,1930,112, 181,102 आदि के बारे में जानकारी दी गई।

# पत्र सूचना कार्यालय वाराणसी द्वारा वातालर्प मीडिया कार्यशाला का हुआ सफल आयोजन

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह




**वाराणसी।** पत्र सूचना कार्यालय वाराणसी द्वारा सेवापुरी विकास खंड सभागार में एक दिवसीय वातालर्प मीडिया कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गयो इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य धर्मेंद्र सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में पत्र सूचना कार्यालय लखनऊ के निदेशक दिलीप कुमार शुक्ल,काशी हिंदू विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्राध्यापक डॉ.बाला लखेंद्र तथा खंड विकास अधिकारी सेवापुरी राजेश कुमार उपस्थित रहे सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।

मुख्य अतिथि धर्मेंद्र सिंह ने मीडिया कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि मीडिया राष्ट्र की सजग प्रहरी है। संवेदनशीलता और तथ्यपरकता पत्रकारिता की आत्मा हैं उन्होंने कहा कि पत्रकारिता समाज की दिशा और दशा तय करने में अपनी अग्रणी भूमिका निभाती है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में काशी में अभूतपूर्व विकास कार्य हो रहे हैं जिन्हें जन-जन तक पहुँचाने में मीडिया की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है।

पत्र सूचना कार्यालय लखनऊ के निदेशक दिलीप कुमार शुक्ल ने बताया कि वातालर्प मीडिया कार्यशाला का उद्देश्य भारत सरकार एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पत्रकारों तक पहुँचाना तथा सरकार और मीडिया के बीच समन्वय स्थापित करना है जिससे योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जा सके उन्होंने कहा कि कई बार जानकारी के अभाव में लोग सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं ऐसे में पत्रकारों द्वारा प्रकाशित जनोपयोगी खबरें समाज को जागरूक करने का कार्य करती हैं।

## एलम में सड़क हादसे, दो युवक गंभीर रूप से घायल

**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में शुक्रवार को दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी राजू किसी कार्य से बस स्टैंड पर आया था, तभी रोडवेज बस ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में राजू गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को तत्काल एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने गंभीर हालत में हायर सेंटर के लिए रेफर किया है। वहीं दूसरी घटना में बाइक सवार मुन्ना पुत्र मोहरसिंह निवासी टटीरी जनपद बागपत से ऊन ले जा रहा था। एलम बाईपास पर हाईवे पर बने गड्ढे में उसकी बाइक गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने 108 एंबुलेंस बुलाकर उसे अस्पताल भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# सेवानिवृत्त सैन्यकर्मियों के लिए रोजगार मेले का किया आयोजन

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** रक्षा मंत्रालय के पूर्व सैनिक कल्याण विभाग के अधीन पुनर्वास महानिदेशालय द्वारा वाराणसी कैंट स्थित सेना भर्ती कार्यालय मैदान में सेवानिवृत्त सैन्यकर्मियों के लिए एक रोजगार मेले का आयोजन किया गयो इस पहल का उद्देश्य सेवानिवृत्त और सेवानिवृत्ति की ओर अग्रसर सैन्यकर्मियों को कॉर्पोरेट क्षेत्र की कंपनियों से जोड़ना था जिससे उन्हें नागरिक जीवन में दूसरी पारी की करियर संभावनाए मिल सके इस आयोजन में लगभग 1200 पूर्व सैनिको ने भाग लिया जिनमें थलसेना,नौसेना और वायुसेना के जवान शामिल थे मेले में 43 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया और 2500 से अधिक नौकरियों की पेशकस की गई।

कार्यक्रम को पूर्व सैनिक कल्याण विभाग के सचिव डॉ. नितिन चंद्र,आई ए एस ने संबोधित किया और पूर्व सैनिकों एवं कॉर्पोरेट प्रतिनिधियों से संवाद कियो पुनर्वास महानिदेशक मेजर जनरल एस बी के सिंह,एसएम और सीआई आई वाराणसी जोन के चेयरमैन उमंग साह ने भी उपस्थित जनसमूह को संबोधित कियो इस अवसर पर ब्रिगेडियर डी के बसेरा, वीएसएम,ब्रिगेडियर विकास बत्रा,एडीजी (सी) और कर्नल टी बी छेत्री,टीबीसी,39 गोरखा प्रशिक्षण केंद्र भी मौजूद रहे।

रोजगार मेले में चयनित पूर्व सैनिकों का साक्षात्कार एवं स्क्रीनिंग किया जाएगा और उन्हें पर्यवेक्षण,तकनीकी सहयोग,कनिष्ठ एवं वरिष्ठ प्रबंधन और प्रशासनिक भूमिकाओं में नियुक्त किया जाएगो यह आयोजन दोनों पक्षों कॉर्पोरेट्स और पूर्व सैनिकों के लिए लाभदायक रहा जहां पूर्व सैनिकों को अपने सैन्य अनुभव से अर्जित तकनीकी एवं प्रबंधन क्षमताओं को प्रदर्शित करने का अवसर मिला,वहीं कंपनियों को अनुशासित,कुशल और अनुभवी मानव संसाधन की उपलब्धता हुई यह रोजगार मेला पुनर्वास महानिदेशालय की एक पहल है जो पूर्व सैनिकों को नागरिक जीवन में दूसरी करियर पारी का मार्ग प्रदान करता है।

## आश्वासन के बाद समाप्त हुआ आशाओं का धरना प्रदर्शन

**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** क्षेत्र में पिछले पांच दिनों से जारी आशाओ की हड़ताल शुक्रवार को समाप्त हो गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. वीरेंद्र सिंह की पहल और लम्बी वार्ता के बाद आशाओं ने कार्य पर लौटने का निर्णय लिया। जानकारी के अनुसार, आशाए कई दिनों से अपनी आठ सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर थीं। हड़ताल के चलते टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की जांच, मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाएं और अन्य जनस्वास्थ्य कार्यक्रम प्रभावित हो रहे थे। शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में अधीक्षक डॉ. वीरेंद्र सिंह और आशाओं के बीच करीब तीन घंटे तक वार्ता चली। इस दौरान अधीक्षक ने आशाओं की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और उनकी मांगों को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।डॉ. वीरेंद्र सिंह ने कहा कि आशा कार्यकताओं की भूमिका ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ की हड्डी के समान है। उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शासन को पत्र भेजकर आशाओं की प्रमुख मांगों – प्रोत्साहन राशि में बढ़ोतरी, समय पर भुगतान, और कार्य सुरक्षा – पर विचार करने की अनुशंसा की जाएगी।अध्यक्ष के आश्वासन के बाद आशा कार्यकताओं ने अपनी हड़ताल समाप्त करने की घोषणा की और तुरंत स्वास्थ्य सेवाओं में जुट गईं। आशाओं के कार्य पर लौटने से स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था पटरी पर आ गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण और अन्य सेवाएं पुनः शुरू होने से लोगों ने राहत की सांस ली है। इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## मां काली के पांचवें स्थापना दिवस पर हुआ भव्य आयोजन



**जहांगीराबाद।** मां काली मंदिर के पांचवें स्थापना दिवस के सफल कार्यक्रम के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मां काली के अद्भुत स्वरूप के साथ नौ देवियों और लागुरो को सुंदर भगत जी व गौरब बालाजी के दुआरा कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान समिति के प्रमुख सुंदर भगत जी ने इनके अलावा अपने आवास पर पत्रकारों सहित समिति के सभी सदस्यों को सम्मानित किया। सम्मानित किए गए अतिथियों का तिलक, माल्यार्पण ,चुनरी ओढ़ाकर व शील्ड देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में नगर के अनेक गणमान्य नागरिक, पत्रकार, एवं भक्तगण उपस्थित रहे। सुंदर भगत जी ने इस अवसर पर कहा कि ह्लमां काली की कृपा से ही यह आयोजन सफल रहा, और समाज में एकता, श्रद्धा व सेवा भाव को बनाए रखना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है।ह्व कार्यक्रम की सफलता में समिति के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों का विशेष योगदान रहा। अंत मे कर्यक्रम के संरक्षक गौरव अग्रवाल ने सभी लोगों का धन्यवाद दिया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में हेमंत गर्ग ,आकाश प्रजापति, राजेश गोयल ,कैलाश शर्मा, देवेंद्र लोधी, डॉक्टर राकेश सैनी ,सुभाष ,ब्रजेश, विनोद ,अंशु आदि लोगो का सहयोग रहा।

# सीवर टुटे हुए ढक्कन को बंद कराए जाने की मांग

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** नगर के मेन बाजार में सीवर का ढक्कन टूट जाने से व्यापारीयों सहित राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है बाजार के कई व्यापारीयों ने प्रदर्शन करते हुए सीवर का ढक्कन बंद कराई जाने की मांग की है। शुक्रवार को नगर के मेंन बाजार स्थित जैन मंदिर के समीप के दुकानदार वासु सनी, अरविंद सैनी, सोनू ,आशु, आसिफ बैग सहित आदि लोगों ने प्रदर्शन करते हुए बताया कि काफी दिनों से बाजार के सीवर चौक हो जाने से गंदा पानी उबाल कर बाहर आ रहा है। और सीवर का ढक्कन टूट जाने से आने जाने वाले राहगीरों सहित दुकानदारों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दिनभर सीवर से निकलने वाले गंदे पानी से दुर्गंध फैल रही है और बीमारी फैलने का भी डर बता रहा है। शिकायत करने के बावजूद भी पालिका के कर्मचारी इस और कोई भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस दौरान सभी लोगों ने समस्या के समाधान की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। पालिका लिपिक अशोक कुमार का कहना है की शिकायत मिली है जल्दी निस्तारण कराया जाएगा।

# बालिकाओं को जागरूक किया व सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के संबंध में जानकारी

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**बिजनौर।** नजीबाबाद में महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया व सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई दिनांक 17/10/25 को मिशन शक्ति फेज 5 अभियान के अंतर्गत ,महिला हेड कांस्टेबल 588 निर्वशी ,महिला कांस्टेबल 490 अनीता ,महिला कांस्टेबल 709 प्रिया के द्वारा ग्राम शेखूपुर व नाजिबूउद्दौला इंटर कॉलेज नजीबाबाद में महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया व सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई

1. महिला हेल्प लाइन नंबर 1812. वूमेन पावर लाइन नंबर 10903. आपातकालीन नंबर 112 4. स्वास्थ्य सेवा नंबर 102 5. एंबुलेंस नंबर 108 6. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 7. साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 व योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।महिला सुरक्षा घरेलू हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाएं व उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी दी तथा मोबाइल से लड़कियों को परेशान करने , सोशल मीडिया के द्वारा परेशान करने , अश्लील मैसेज भेजने की शिकायत संबंधी जागरूक किया गया , महिलाओं के साथ मारपीट लड़कियों के साथ छेड़छाड़ से बचाव संबंधी जागरूक किया एवं साइबर अपराध के बारे में अवगत कराया गया एवं साइबर अपराध होने के बाद की कार्यवाही से भी अवगत कराया गया एवं महिलाओं को जागरूक किया गया।

## दीप जलाकर कर छात्राओं को मिशन शक्ति का पढ़ाया पाठ



वेलकम इंडिया महमूद रजा

**बिजनौर।** नगीना कस्तूरबा बालिका विद्यालय में रोशन करो दिये कार्यक्रम में दीप जलाकर कर छात्राओं को मिशन शक्ति का पाठ पढ़ाया गया।

शुक्रवार को ग्राम हीरावाली स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय नगर क्षेत्र में आयोजित रोशन करो दिये कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा दीप जलाकर रंगोली बनाई गई , तथा मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत वार्डन मीनाक्षी चौधरी द्वारा सरकार के हैल्प लाईन नंबरों 1090 ,1098 ,व 112 की जानकारी देकर मिशन शक्ति के संबंध में स्लोगन के माध्यम से विस्तार से समझाया गया ,इस अवसर पर वार्डन मीनाक्षी द्वारा दीपावली की शुभकामनाएं देकर उत्कृष्ट कार्य करने वाली छात्राओं को सम्मानित भी किया गया।

# वाल्मीकि समाज की तरक्की के लिए शिक्षा है सबसे बड़ा हथियार : अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग सदस्य महिपाल सिंह

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** नगर पालिका परिषद सभागार में शुक्रवार को अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग लखनऊ के सदस्य महिपाल सिंह पहुंचे, इसके बाद एलम नगर पंचायत में पहुंचे जहां उन्होंने वाल्मीकि समाज के लोगों के साथ बैठक आयोजित की। उन्होंने वाल्मीकि समाज के लोगों की समस्याएं सनी बैठक में दर्जनों लोग मौजूद रहे। उन्होंने इंटरनेशनल समाज के उत्थान पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि समाज की तरक्की का सबसे मजबूत आधार शिक्षा है। जब हमारे बच्चे शिक्षित होंगे, तभी हम सामाजिक और आर्थिक रूप से आगे बढ़ सकते हैं।

उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग सदैव वंचित वर्गों की आवाज बनकर उनके अधिकारों की रक्षा के लिए तत्पर है इस दौरान उपस्थित लोगों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं सदस्य के समक्ष रखीं।

उन्होंने ध्यानपूर्वक सभी शिकायतों को सुना और संबंधित विभागों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। बैठक में वाल्मीकि समाज के गौरव कुमार, सतीश कुमार, सनोज, कमल सिंह, घनश्याम, ओम प्रकाश, सिकंदर, आदेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे। महिपाल सिंह ने कहा कि समाज को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए और बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यानदेना चाहिए, तभी वास्तविक सामाजिक परिवर्तन संभव है।

# द्वारीकेश शुगर मिल के सभी तौल लिपिकों द्वारा एक मीटिंग का किया गया आयोजन



वेलकम इंडिया महमूद रजा

**बिजनौर।** नगीना द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्री चीनी मिल के आगामी सत्र 2025/ 26 को लेकर एक वेंकट हॉल रजपुरा में द्वारीकेश शुगर मिल के सभी तौल लिपिकों द्वारा एक मीटिंग का आयोजन किया गया हुई और तौल लिपिकों ने पिछले वर्षो की भाती इस इस सीजन को भी किसान हितों व कर्मचारि हितों को देखते हुए शांति पूर्वक चलाने की कामनाएं की और अपनी अपनी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की।

मीटिंग की अध्यक्ष रणवीर प्रधान ने की और संचालन रविन्द्र सिंह सहरावत व महेंद्र मास्टर ने किया।अपनी सभी समस्याएं को लेकर द्वारीकेश शुगर मिल के तौल लिपिकों द्वारा चीनी मिल प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा गया ज्ञापन चीनी मिल सहायक प्रबंधक गन्ना अधिकारी नरेंद्र सिंह व रामवीर सिंह को सौंपा गया और जल्द ही समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया गया ।

तौल लिपिकों ने ज्ञापन लेने आए सहायक प्रबंधक गन्ना अधिकारीयों से स्पष्ट किया कि अगर तौल लिपिकों की समस्याओं का समाधान नहीं होता और तौल लिपिक चीनी मिल प्रशासन के गलत निर्णयों से विवश होक कोई गलत कदम उठाते हैं तो उसकी जिम्मेदारी चीनी मिल प्रशासन की होगी।मीटिंग में राहुल प्रधान ,सुनील कुमार, दिग्विजय सिंह, चरण सिंह, नरपाल सिंह, शुभम कुमार, कपिल कुमार, महेंद्र सिंह, हेमराज सिंह सहित सैकडो की तौल लिपिकों मौजूद रहे।

## महाविद्यालय द्वारा खाना खजाना कार्यक्रम का किया आयोजन

**शिकारपुर/बुलंदशहर।** खाना खजाना कार्यक्रम दीपावली के शुभ अवसर पर शुक्रवार को महाविद्यालय शिकारपुर द्वारा खाना खजाना कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के सभी विभागों के लगभग 500 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। विद्यार्थियो ने चना चांट गोलगप्पे भेलपुरी शाही खीर फलों का रायता ढोकला पोहा छोले कुलचे चाय कॉफी व फलों की चाट आदि व्यंजनों के लगभग 42 स्टाल लगाए। मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय अध्यक्ष अशोक कुमार मित्तल व प्राचार्य डॉक्टर ललित कुमार गुप्ता उपस्थित रहे अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए व्यंजनों का अवलोकन किया तथा उनके इस प्रयास की प्रशंसा की। नैक कोऑर्डिनेटर व एचआर रेशू भारद्वाज उप प्राचार्य डॉ0 नीरज कुमार कार्यालय अधीक्षक गणेश कुमार तथा सभी विभागों के विभागाध्यक्षों एवं सहायक प्राध्यापकों प्राध्यापिकाओं ने कार्यक्रम की व्यवस्था में सहयोग किया।

# पूर्वी गंगा नहर निर्माण खंड 6 ने जनहित गारंटी कानून की जगह विभागीय बोर्ड लगाकर शिकायत को बंद किया

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**बिजनौर।** नजीबाबाद लगता है सिंचाई विभाग को यह ही नहीं पता है कि उत्तर प्रदेश में जनहित गारंटी कानून बना हुआ है अथवा नहीं हुआ यूं कि आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने हमारे द्वारा जनपद बिजनौर के प्रत्येक विभाग में उत्तर प्रदेश जनहित गारंटी कानून यानि जनहित के कार्यों को एक समय सीमा में पूरा करने के प्रावधान के बोर्ड सरकारी कार्यालयो के बाहर लगाए जाने की मांग शासन और प्रशासन से की जिसके परिपेक्ष में सिंचाई विभाग के उच्च अधिकारियों ने जनहित गारंटी कानून के बोर्ड पूर्वी गंगा नहर निर्माण खंड 2 कार्यालय नजीबाबाद कार्यालय के बाहर लगाए जाने के संबंध में रिपोर्ट मांगी परंतु गजब देखिए पूर्वी गंगा नहर निर्माण खंड 6 के अधिकारियों ने ना तो उक्त कानून का अध्ययन किया गया ना ही यह जानने की कोशिश की गई शिकायतकर्ता क्या कह रहा है और आनन फानन में अधिशासी अभियंता पूर्वी गंगा नहर निर्माण खंड 6 नजीबाबाद त्रिलोकचंद ने कार्यालय के बाहर लगा विभागीय बोर्ड का फोटो लगाकर शिकायत को यह कहते हुए बंद कर दिया कि बोर्ड लगा हुआ है जबकि बोर्ड जनहित गारंटी कानून का लगना था जिसमें जनहित के कार्य को समय से पूरा करने की सीमा फिक्स बताई गई है आरटीआई कार्यकर्ता ने कहा कि वह संबंध शासन को पुन अवगत कराएंगे।

# मोदी कॉलेज के छात्र को जिलाधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक ने 51 हजार से सम्मानित किया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)**। डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर के कक्षा 10 के छात्र कृष्ण वर्मा को गाजियाबाद में नंदग्राम स्थित डीआईओएस ऑफिस में डी आई ओ एस के द्वारा 51 हजार रुपए के चेक देकर सम्मानित किया गया। सेवा पखवाड़ा 2025 पूरे देश में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक विकसित भारत की व्यापक थीम के साथ मनाया गया।

इस विशेष पखवाड़े मैं जिले के समस्त विद्यालयों को उत्साह एवं व्यापक जन सहभागिता के साथ एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन सुशीला गर्ल्स इंटर कॉलेज गाजियाबाद में किया गया। जिसमें गाजियाबाद जिले के लगभग सभी विद्यालयों ने अपने चुनिंदा सर्वश्रेष्ठ छात्रों को प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराया। प्रतियोगिता में डॉ केड्ड एन ड्ड मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज के कक्षा 10 के छात्र कृष्ण वर्मा ने प्रथम स्थान हासिल किया। जिसमें उन्हें पुरस्कार स्वरूप 51 हजार रुपए की धनराशि का चेक प्राप्त हुआ छात्र की उपलब्धि पर पूरा विद्यालय गौरवान्वित है। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल ने भी छात्र कृष्ण वर्मा को स्मृति चित्र देकर सम्मानित किया एवं सभी विद्यार्थियों को छात्र की उपलब्धि से प्रेरणा लेने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि यदि आप सभी छात्र सच्चे मन से सही दिशा में रोज थोड़ा-थोड़ा परिश्रम भी करें तो भी आप अपनी मंजिल को आसानी से पा सकते हैं। उन्होंने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का भी धन्यवाद दिया। जिन्होंने छात्र को ऐसी कुशल शिक्षा प्रदान की। जिससे छात्र कृष्ण वर्मा पूरे जनपद में प्रथम स्थान हासिल कर सका। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजकुमार सिंह टीपी सिंह डॉक्टर नरेश प्रजापति,रेखा रानी,गौरव त्यागी, राजीव जांगिड़ वर्षा रानी हेड मास्टर धर्मवीर सिंह,तेजवीर, राहुल त्यागी, ज्योति तरुण कौशिक, रानी, सुनीतागुप्ता आदि शिक्षकों का सहयोग रहा ।

# नालियों के जलभराव से राहत के लिए स्थायी समाधान हो-ईश्वर चंद्र

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)**। ग्राम अबूपुर में स्वास्थ्य केंद्र एवं भूड़ मोहल्ले के पास वर्षों से नालियों के गंदे पानी का भराव बना हुआ है। इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए निर्वाण फाउंडेशन के तत्वाधान में चल रहा धरना आज 20वें दिन में प्रवेश कर चुका है। धरनार्थियों ने स्पष्ट किया है कि जब तक इस समस्या का ठोस और स्थायी समाधान नहीं हो जाता, धरना जारी रहेगा। लगातार संघर्ष और संवाद के बाद प्रशासन, जनप्रतिनिधियों एवं धरनार्थी ईश्वर चंद्र के बीच एक सार्वजनिक सहमति बनी कि स्थायी निर्माण कार्य प्रारम्भ होने तक खसरा संख्या 521 (हड़वार की भूमि) पर सोकपीट / कच्चा सोप्ता बनाकर नालियों के पानी को निकाला जाएगा। यह कदम ग्रामवासियों को दीपावली से पहले राहत पहुंचाने के उद्देश्य से उठाया गया है। लेकिन खेदजनक है कि कुछ लोग इस सार्वजनिक सहमति वाले सरकारी कार्य में अनावश्यक बाधा डाल रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि यह लोग समाधान की बजाय राजनीति कर स्थिति को उलझाना चाहते हैं। निर्वाण फाउंडेशन के संस्थापक ईश्वर चंद्र ने इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी से प्रशासनिक हस्तक्षेप करने तथा आवश्यकता पड़ने पर पुलिस बल की उपस्थिति में कार्य कराए जाने की अनुमति मांगी है, ताकि अस्थायी निकासी कार्य बिना किसी रुकावट के प्रारम्भ किया जा सके और किसी प्रकार की अप्रिय घटना न घटे।

# पोठई गाँव में छात्रों ने दिखाया नशे के खतरों का प्रभाव और सही मार्गदर्शन की आवश्यकता



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। डासना स्थित एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज के प्रो बोनो क्लब ने पोठई गाँव में शुक्रवार को नशा मुक्ति पर जागरूकता अभियान का आयोजन किया। यह अभियान समाज में नशे के दुष्प्रभाव और उसके व्यक्ति, परिवार तथा समुदाय पर पडे वाले नकारात्मक प्रभावों को उजागर करने का उद्देश्य लेकर किया गया। कार्यक्रम में बी.ए. एलएल.बी और बी.बी.ए. एलएल.बी के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के खिलाफ सशक्त संदेश दिया। नाटक में एक युवक की कहानी प्रस्तुत की गई, जो नशे की आदत में फंसकर अपने स्वास्थ्य, पारिवारिक संबंध और उज्ज्वल भविष्य को खो देता है। छात्रों की यह भावनात्मक और प्रभावशाली प्रस्तुति ग्रामीणों और सरकारी विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा अत्यंत सराही गई।

नाटक के दौरान छात्रों ने नशे के लक्षणों, मानसिक और शारीरिक प्रभावों के साथ-साथ समय पर सही सलाह और पुनर्वास की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों ने कलाकारों से संवाद किया और अपने अनुभव साझा किए। यह प्रक्रिया ग्रामीण समुदाय में जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण साबित हुई। कार्यक्रम का संचालन सुश्री आकांक्षा सिंह और श्री आकाश सैनी ने किया, जिन्होंने पूरी व्यवस्था और आयोजन की सफलता सुनिश्चित की। इसके अतिरिक्त, इसी नुक्कड़ नाटक को विश्वविद्यालय परिसर में भी प्रस्तुत किया गया, जिससे छात्रों में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना मजबूत हुई। प्रो बोनो क्लब निरंतर ऐसे सामाजिक अभियानों का आयोजन करता रहा है, जिनका उद्देश्य युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी और सकारात्मक सोच विकसित करना है। इस नुक्कड़ नाटक की सफलता ने यह सिद्ध किया कि रचनात्मक और सांस्कृतिक माध्यमों के जरिए समाज में जागरूकता फैलाना और सकारात्मक बदलाव लाना संभव है। एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के अधिकारियों और प्रोफेसरों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं में नेतृत्व कौशल, सामाजिक समझ और दायित्वबोध की भावना विकसित करने में मदद करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास समाज को नशा मुक्त और सुरक्षित बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस अभियान ने यह संदेश दिया कि नशा मुक्ति केवल व्यक्ति के लिए नहीं, बल्कि पूरे समाज के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए आवश्यक है। ग्रामीण समुदाय और विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में ऐसे और आयोजनों की कामना की।

# विद्यार्थियों ने दिखाई रचनात्मकता, दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। दिल्ली मेरठ रोड़ स्थित आई.टी.एस डेंटल कॉलेज, मुरादनगर में विश्व एंडोडोंटिक दिवस बड़े उत्साह और ऊर्जा के साथ मनाया गया। इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एंडोडोंटिक एसोसिएशन (आई.एफ.ई.ए.) द्वारा गुरुवार को विश्व स्तर पर एंडोडोंटिक दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गई है, जिसका उद्देश्य दंत चिकित्सा के एंडोडोंटिक्स (रूट कैनाल उपचार) क्षेत्र के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना है। इसी क्रम में आई.टी.एस- द एजुकेशन ग्रुप के कंजरवेटिव डेंटिस्ट्री एंड एंडोडोंटिक्स विभाग ने इस अवसर पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन आई.टी.एस- द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा और वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस विशेष आयोजन में संस्थान के निदेशक-प्रधानाचार्य डॉ. देवी चरण शेट्टी, डीन (पी.जी. स्टडीज) एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सोनाली तनेजा, सभी विभागाध्यक्ष (एच.ओ.डी), वरिष्ठ दंत चिकित्सक, स्नातकोत्तर (एम.डी.एस) छात्र एवं स्नातक छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की मुख्य रूपरेखा डॉ. सोनाली तनेजा, डीन (पी.जी. स्टडीज) एवं एच.ओ.डी कंजरवेटिव डेंटिस्ट्री एंड एंडोडोंटिक्स के कुशल नेतृत्व में तैयार की गई थी।

# गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पी.जी कॉलेज में संगोष्ठी का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)**। गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पी.जी कॉलेज में वाणिज्य विभाग एवं अर्थशास्त्र विभाग की ओर से महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो.पूनम शर्मा के कुशल निर्देशन में डॉ.सारिका गर्ग ने एक संगोष्ठी का आयोजन किया ।आज के प्रमुख वक्ता ईएस एस इंस्टीट्यूट के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ नवीन गोस्वामी रहें। संगोष्ठी के प्रथम चरण में सरस्वती जी के सम्मुख दीप जलाकर संगोष्ठी का आरम्भ किया। मंच का कुशल संचालन ग्रह विभाग की विभागाध्यक्ष ऐश्वर्या बहुगुणा द्वारा किया गया। संगीत विभागाध्यक्ष डॉ आकांक्षा सारस्वत ने अपनी मधुर स्वर द्वारा सरस्वती वंदना की साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश अनुसार कांशीराम राजकीय महाविद्यालय गाजियाबाद में अंतर महाविद्यालय स्तर की आयोजित होने वाली पोस्टर प्रतियोगिता में डॉ गीता त्यागी के निर्देशन में निशा बीए तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय गाजियाबाद से पुरस्कार के रूप में 21000 रुपए की धनराशि प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया ।जिसके लिए निशा को पुरस्कृत किया गया। संगोष्ठी में डॉ नवीन गोस्वामी ने छात्राओं को अपने भविष्य में किस प्रकार करियर गोल सेट करना है तथा किस प्रकार उसे सफलता पूर्वक अचीव करना है। साथ ही आपके साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुया।

संगोष्ठी में महाविद्यालय की लगभग 250 छात्राओं की प्रतिभागिता रही तथा इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिवानी शर्मा तथा रितिका गोस्वामी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# भोजपुर ब्लॉक के ग्राम तोड़ी 7 बिस्वा में तालाब पुनर्जीवन कार्य का शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)**। ग्राम त्यौड़ी 7 बिस्वा, ब्लॉक भोजपुर, जनपद गाजियाबाद में एक पुराने तालाब के पुनर्जीवन कार्य का शुभारंभ किया गया। यह तालाब, जो लगभग 3 एकड़ क्षेत्र में फैला है और लंबे समय से उपेक्षा के कारण डंपिंग ग्राउंड में बदल गया था।अब अपने जीवरोद्धार की दिशा में एक नया अध्याय शुरू कर रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ भोजपुर ब्लॉक प्रमुख श्रीमती सुचेता सिंह द्वारा पूजा-अर्चन के साथ किया गया। इस तालाब के निर्माण एवं पुनर्जीवन कार्य का दायित्व पूर्वा फाउंडेशन की टीम, रोहित सांगवान के नेतृत्व में संभाल रही है। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह ने जन चौपाल का आयोजन भी किया, जिसमें ग्रामीणों के साथ सूखे व समाप्त होते तालाबों को पुनर्जीवित करने तथा पीने योग्य जल के संरक्षण और सही उपयोग पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि भोजपुर ब्लॉक में घटते भूजल स्तर को लेकर वह अत्यंत चिंतित हैं। ब्लॉक सुचेता सिंह ने बताया कि वह भूजल विभाग, गाजियाबाद एवं मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल के सहयोग से ब्लॉक भोजपुर क्षेत्र में तालाबों के पुनर्जीवन और वर्षा जल संचयन पर कार्य कर रही हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि रोहित सांगवान की टीम गाजियाबाद में तालाबों पर उत्कृष्ट कार्य कर रही है और उनके दीर्घकालिक रखरखाव पर भी विशेष ध्यान दे रही है। ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह के प्रयासों से त्यौड़ी 7 बिस्वा, किल्हौड़ा , तलैहटा, अमराला सहित कई ग्रामों में तालाबों के पुनर्जीवन का कार्य प्रारंभ होने है। साथ ही, भोजपुर ब्लॉक के एक 200 वर्ष पुराने कुएं को भी पूर्वा फाउंडेशन के सहयोग और क्षेत्र पंचायत निधि से मॉडल रेनवॉटर हार्वेस्टिंग संरचना के रूप में विकसित किया गया है, जो अब क्षेत्र का एक आदर्श उदाहरण बन चुका है। गांव-गांव जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सुचेता सिंह जन चौपालों के माध्यम लोगों में जल संरक्षण के प्रति चेतना बढ़ाने का कार्य कर रही हैं।इस अवसर पर एडीओ भोजपुर, सचिव राहुल शर्मा, विकेश, ग्राम प्रधान, अफरोज, दीपक चौधरी मंडल अध्यक्ष भोजपुर भाजपा तथा गांव के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# आई.टी.एस मोहननगर में मोरक्को- द टैलेंट उत्सव 2025 का आयोजन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। मोहन नगर स्थित आई.टी.एस के यू.जी. परिसर में शुक्रवार को बी.बी.ए. और बी.सी.ए. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आयोजित मोरक्को- द टैलेंट उत्सव 2025 कार्यक्रम ने पूरे परिसर में उत्साह और उमंग का माहौल बना दिया। यह रंगारंग कार्यक्रम विद्यार्थियों की बहुआयामी प्रतिभा को मंच देने तथा उनमें आत्मविश्वास और रचनात्मकता का संचार करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के भव्य चाणक्य प्रेक्षागृह में हुआ, जहाँ विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य, अभिनय और फैशन शो जैसी मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम के औपचारिक शुभारंभ के अवसर पर आई.टी.एस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा, वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, यू.जी. कैंपस की प्रधानाचार्या डॉ. नैन्सी शर्मा, परास्नातक परिसर एवं आई.टी. विभाग के निदेशक प्रो. (डॉ.) सुनील कुमार पांडेय, पी.जी.डी.एम. पाठ्यक्रम के निदेशक डॉ. अजय कुमार, बी.बी.ए. संकाय के चेयरपर्सन प्रो. आदिल खान तथा बी.सी.ए. संकाय की चेयरपर्सन डॉ. विदुषी सिंह ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में जज के रूप में उपस्थित रहीं सुश्री दृष्टि शर्मा (वैश्विक विपणन रणनीतिकार एवं उद्यमी, पूर्व मॉडल एवं सॉफ्टवेयर अभियंता, संस्थापक-डी.एस. प्रोडक्शन) तथा सुश्री ऐश्वर्या भूटानी (पूर्व गूगल कर्मचारी, मॉडल एवं उद्यमी, संस्थापक-रया एंड कंपनी)। दोनों निर्णायकों को संस्थान की ओर से सम्मानित किया गया।

# फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में फलक मलिक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)**। दयावती मोदी पब्लिक स्कूल में एक फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में 25 छात्रों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें पांचवी कक्षा की छात्रा फलक मलिक पुत्री एडवोकेट आरिफ बैग निवासी मेट्रो स्टेशन साउथ सीकरी ने सभी को लुभाते हुए इस फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल की तरफ से पुरस्कार हासिल किया। इस फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मिलने पर फलक मलिक की सभी ने सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर फलक मलिक के पिता एडवोकेट आरिफ बेग ने अपनी बेटी को आशीर्वाद देते हुए हमेशा सफलता प्राप्त कर अपने परिवार नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

# एटीम कार्ड बदल ठगी करने वाले 2 नौसिखियों को क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस ने किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद**। गाजियाबाद थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले दो अभियुक्त मोहम्मद राहिल और इमरान को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इन दोनों की निशानदेही पर 1795 रुपये नगद, 8 एटीएम, डेबिट व क्रेडिट कार्ड, 4 काली फंटी और 1 मोटरसाइकिल बरामद की। एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने बताया कि बीती 13 अक्टूबर 2025 को सुहेल खान ने थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पर शिकायत दी थी कि पैरामाउंट मार्केट के इंडसइंड बैंक एटीएम में दो अज्ञात युवकों ने मदद के बहाने एटीम कार्ड बदल दिया था। युवकों ने कार्ड बदलकर व पिन कोड जानकर खाते से 44 हजार रुपये निकाल लिए थे ।शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। घटना का खुलासा करने के लिए टीमों का गठन किया गया और सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू किए, जिसके बाद इन दोनों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों ही बवाना दिल्ली के रहने वाले है और वहां से बाइक पर सवार होकर गाजियाबाद में आकर एटीम बदलकर ठगी की वारदात को अंजाम देते। दोनों को रिछपालगढ़ी पुलिया के पास से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों अभियुक्त बुजुर्ग या नौशेखिए लोगों को निशाना बनाकर ठगी करते।

ठगी करने के लिए एटीएम मशीन में काली फंटी लगा देते, जिससे कार्ड रीड नहीं हो और फिर मदद के बहाने कार्ड व पिन नंबर हासिल कर कार्ड बदल देते। उसके बाद दूसरे एटीएम या मॉल में कार्ड स्वाइप कर पैसे निकाल लेते।

# अवैध शराब और नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले विक्रेताओं पर रहेगी आबकारी विभाग की नजर

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** दीपावली पर्व के मद्देनजर गाजियाबाद जिले में आबकारी विभाग ने जिले भर में अवैध शराब निर्माण, बिक्री और परिवहन के खिलाफ विशेष प्रवर्तन अभियान तेज कर दिया है। इस अभियान की कमान आबकारी अधिकारी संजय कुमार प्रथम के हाथ में है, जिन्होंने अपने कार्यशैली और सक्रिय नेतृत्व के कारण जिले में कानून व्यवस्था को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

आबकारी अधिकारी संजय कुमार प्रथम ने बताया कि जिले में बाहरी राज्यों से होने वाली शराब तस्करी को रोकने के लिए दिल्ली बॉर्डर से लेकर राजमार्ग और राष्ट्रीय मार्ग तक विभाग की टीम पहरा दे रही है। जिले की सीमाओं पर आने वाले प्रत्येक वाहन की सघन जांच की जा रही है। संजय कुमार प्रथम की कार्यशैली का प्रमुख पहलू यह है कि वे न केवल अवैध शराब पर निगरानी रखते हैं, बल्कि लाइसेंसी दुकानों के संचालन, दुकानदारों की कार्यप्रणाली और ग्राहकों के अनुभव की भी गहन समीक्षा करते हैं। अभियान के दौरान शुक्रवार को आबकारी निरीक्षक




अनुज वर्मा की टीम हिंडन खादर क्षेत्र में दबिश देने पहुंची। आबकारी निरीक्षक ने प्रत्येक लाइसेंसी दुकान का विस्तार से निरीक्षण किया। उनके निरीक्षण में दुकानों पर रखे स्टॉक रजिस्टर, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, शराब की बोतलों की जांच और दुकानों की सफाई शामिल थी। इसके अलावा, दुकानों पर मौजूद ग्राहकों से शराब विक्रेताओं के व्यवहार और उत्पादों की कीमतों की जानकारी भी ली गई। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट (आईएएस) दीपक सिंघवाल ने भी निरीक्षण के दौरान अपनी भूमिका निभाई और कहा कि हमारा उद्देश्य केवल दुकानों का निरीक्षण करना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि दुकानदार नियमों का पालन करें और ग्राहकों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करें। आबकारी विभाग के साथ हमारा सहयोग इस दिशा में अहम साबित हो रहा है। आबकारी अधिकारी संजय कुमार प्रथम ने इस दौरान दुकानदारों को निर्देश दिए कि वे नियमों का पालन करें और शराब बिक्री में किसी प्रकार की अनियमितता न करें। उन्होंने कहा कि दीपावली जैसे पर्व पर अवैध शराब की बिक्री रोकना और साथ ही लाइसेंसी दुकानों में गुणवत्ता और नियमों का पालन सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उनके स्पष्ट दृष्टिकोण और सख्त नेतृत्व के कारण अभियान प्रभावी और व्यापक रूप से संचालित हो रहा है। अनुज वर्मा ने कहा कि हमारे निरीक्षण में यह देखा गया कि कुछ दुकानों में मामूली कमी थी, लेकिन सभी को सही दिशा में निर्देश दिए गए। हम सुनिश्चित करेंगे कि सभी दुकानें नियमों के अनुसार संचालित हों और अवैध गतिविधियों पर नकेल कड़ी रहे। इस अभियान के दौरान विभाग ने यह भी सुनिश्चित किया कि प्रत्येक लाइसेंसी दुकानदार अपने स्टॉक का रजिस्टर नियमित रूप से अपडेट करे, सीसीटीवी कैमरे कार्यशील हों, और ग्राहक की शिकायत या सुझाव को गंभीरता से लिया जाए।

## दिवाली पर गाजियाबाद वासियों के बीच रहेंगे मिजोरम राज्यपाल

**गाजियाबाद।** पूर्व सांसद और वर्तमान में मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह का गाजियाबाद वासियों के प्रति लगाव हमेशा से अद्भुत रहा है। यह लगाव उनके द्वारा समाज और जनपदवासियों के प्रति अपनाई गई प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता का प्रतीक है। इसी कारण वह हर वर्ष प्रमुख पर्वों और त्यौहारों के अवसर पर गाजियाबाद आकर नागरिकों के साथ समय बिताते हैं। इस दिवाली पर्व पर भी जनरल वीके सिंह गाजियाबाद स्थित अपने राजनगर आवास पर जनपदवासियों के साथ समय बिताएंगे। उनके ओएसडी कुलदीप चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्यपाल 21 अक्टूबर को सुबह साढ़े दस बजे से दोपहर दो बजे तक अपने आवास पर उपस्थित रहेंगे और आने वाले नागरिकों से मुलाकात करेंगे। यह कार्यक्रम उन्हें नागरिकों के नजदीक लाने और उनकी समस्याओं और सुझावों को जानने का अवसर भी प्रदान करेगा। जानकारी के अनुसार, पहले युग करवट द्वारा यह खबर प्रकाशित की गई थी कि दिवाली पर जनरल वीके सिंह गाजियाबाद में रहेंगे, और अब इस पर पूरी तरह मुहर लग चुकी है।

# अस्वच्छ परिस्थितियों में रखी गई मिठाइयाँ और पनीर जब्त कर किए गए विनष्ट

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने देर रात मिलावटखोरों पर शिकंजा कसते हुए बीते 24 घंटों में दो बड़ी कार्रवाइयाँ कीं। सहायक आयुक्त (खाद्य) अरविंद यादव के निर्देशन और मेरठ मंडल के सहायक आयुक्त (खाद्य) वी.के. वर्मा के नेतृत्व में टीम ने ग्राम निडोरी एवं खोरा कॉलोनी क्षेत्रों में छापेमारी कर बड़ी मात्रा में अस्वच्छ परिस्थितियों में रखी गई मिठाई और पनीर को जब्त कर नष्ट कराया। पहली कार्रवाई गुरुवार की शाम ग्राम निडोरी, तहसील सदर में की गई, जहाँ खाद्य कारोबारी तवारीख पुत्र अहमद सलाम के मिठाई निर्माण परिसर पर छापा मारा गया। निरीक्षण के दौरान लगभग 2500 किलोग्राम तैयार मिठाई भंडारण में पाई गई। टीम ने रसगुल्ला, बेसन की बूंदी, रंगीन रसगुल्ला, खोया, मिल्क केक और गुलाब जामुन के नमूने जांच हेतु संग्रहित किए। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि लगभग 300 किलोग्राम मिठाई, जिसमें 200 किलोग्राम रंगीन रसगुल्ला, 100 किलोग्राम सफेद रसगुल्ला और 25 किलोग्राम काजू बर्फी शामिल थे।



अस्वच्छ एवं गंदगी भरे वातावरण में रखी गई थी। मिठाइयों पर मक्खियाँ, चींटियाँ एवं गंदगी पाई जाने के कारण इनका तत्काल विनाश कराया गया। इनकी कुल अनुमानित कीमत 1,03,000 थी। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित मानकों का उल्लंघन पाए जाने एवं बिना खाद्य व्यवसाय अनुज्ञापन (लाइसेंस) के कारोबार संचालित करने के कारण उक्त प्रतिष्ठान को तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया गया। इस कार्रवाई में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशुतोष राय के साथ खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रेमचंद, शैलेंद्र सिंह, महेंद्र प्रताप सिंह, विनीता सिंह, अमित कुमार सिंह, अंशुल पांडे एवं मोहित कुमार शामिल रहे। वहीं दूसरी बड़ी कार्रवाई गुरुवार देर रात महालक्ष्मी गार्डन, खोरा कॉलोनी में की गई। इस दौरान जनपद अलीगढ़ निवासी दो अलग-अलग वाहनों से भारी मात्रा में पनीर बरामद किया गया। ग्राम सुदेशपुर निवासी मोहम्मद अबरार के वाहन से 3 क्विंटल 60 किलोग्राम (कुल 360 किलोग्राम) पनीर, जिसकी कीमत लगभग 1,00,800 थी, जब्त किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अंशुल पांडे द्वारा पनीर का नमूना जांच हेतु लिया गया। इसका नमूना खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित सिंह ने लिया। पनीर को अत्यंत अस्वच्छ, दुर्गंधयुक्त एवं अस्वस्थकर परिस्थितियों में ले जाया जा रहा था। मिलावट और स्वास्थ्य जोखिम की आशंका को देखते हुए कुल 4 क्विंटल 70 किलोग्राम पनीर (कुल 470 किलोग्राम) को हिंडन नदी के निकट स्थित श्मशान घाट पर विधिवत रूप से नष्ट किया गया। एक अन्य वाहन से भी खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रेमचंद द्वारा पनीर का नमूना जांच हेतु लिया गया।

## रिवर हाइट्स सोसायटी में एओए अध्यक्ष पर 20,000 प्रति किलोवाट में बिजली बेचने का आरोप



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन स्थित रिवर हाइट्स सोसायटी में बिजली आपूर्ति से जुड़ा एक गंभीर विवाद सामने आया है। सोसायटी के वर्तमान एओए (अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन) अध्यक्ष पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने सोसायटी में बिजली लोड को 20,000 प्रति किलोवाट की दर से बेचा है। यह राशि सरकारी दरों से सैकड़ों गुना अधिक है, जिससे सोसायटी के निवासियों में आक्रोश फैल गया है।

इस मामले को लेकर अधिवक्ताओं और मानवाधिकार कार्यकताओं ने जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। जानकारी के अनुसार, निवासियों ने बताया कि सरकारी तौर पर बिजली विभाग द्वारा लोड बढ़ाने का शुल्क मात्र 120 प्रति किलोवाट निर्धारित है। यह शुल्क निगम द्वारा सीधे उपभोक्ता या बिल्डर से लिया जाता है। बिल्डर ने पहले ही सोसायटी में विद्युतिकरण हेतु बड़ी धनराशि रजिस्ट्री के समय वसूल की थी। ऐसे में एओए अध्यक्ष द्वारा निवासियों से 20,000 प्रति किलोवाट के हिसाब से वसूली करना न केवल अनुचित है, बल्कि विद्युत आपूर्ति के नियमों का भी उल्लंघन है। रिवर हाइट्स सोसायटी के निवासी और मानवाधिकार कार्यकर्ता विष्णु कुमार गुप्ता ने अधिवक्ताओं के साथ मिलकर जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन एडीएम (एल) विवेक मिश्र को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि जिलाधिकारी स्तर पर एक स्वतंत्र जांच समिति गठित कर इस प्रकरण की गहराई से जांच कराई जाए। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि जांच में आरोप सत्य पाए जाते हैं, तो दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। विष्णु गुप्ता ने कहा कि यह गंभीर अनियमितता का मामला है। सरकार द्वारा केवल 120 प्रति किलोवाट की दर से बिजली लोड बढ़ाने की अनुमति दी जाती है, जबकि एओए अध्यक्ष द्वारा मनमाने ढंग से 20,000 प्रति किलोवाट वसूला जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर किस नियम और अधिकार के तहत एओए इस प्रकार की अवैध वसूली कर रहा है। सूत्रों के अनुसार, रिवर हाइट्स सोसायटी में कुल 8252 किलोवाट का विद्युत लोड स्वीकृत है, जिसमें 2130 किलोवाट वाणिज्यिक उपयोग और 6122 किलोवाट आवासीय उपयोग के लिए निर्धारित है। यह अनुमति पहले ही बिल्डर को विद्युत विभाग द्वारा दी जा चुकी है।

# एनडीआरएफ के जांबाजों ने दिखाई एकता, अनुशासन और तंदुरुस्ती की मिसाल

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय एकता दिवस एवं फिट इंडिया आंदोलन के अवसर पर शुक्रवार को कमला नेहरू नगर स्थित 8वीं वाहिनी, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह आयोजन देश की एकता, अखंडता और स्वास्थ्य के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप महानिरीक्षक श्री पी.के. तिवारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर उप सेनानी कुनाल तिवारी, रवीन्द्र सिंह असवाल, डॉ. कुबर शर्मा, सहायक सेनानी नरेश कुमार नामदेव, अनिल कुमार एवं संजय रावत सहित वाहिनी के सभी अधिकारी, अधीनस्थकर्मी एवं बचावकर्मियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत फिटनेस दौड़ से हुई, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने पूरे जोश और



उत्साह के साथ भाग लिया। इसके बाद योग सत्र, खिंचाव व्यायाम (स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज) और सामूहिक कसरत जैसी गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इन सभी अभ्यासों का उद्देश्य बल के प्रत्येक सदस्य को शारीरिक रूप से सशक्त, मानसिक रूप से संतुलित तथा आत्मअनुशासित बनाना था। पूरे परिसर में फिट भारत- एकजुट भारत के नारों की गूंज से वातावरण देशभक्ति से सराबोर हो उठा। अपने प्रेरणादायी संबोधन में उप महानिरीक्षक श्री पी.के. तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि यह हमें लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के उस अमर योगदान की याद दिलाता है, जिन्होंने विविधताओं से भरे इस विशाल राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोया। एक सशक्त और एकजुट भारत का निर्माण तभी संभव है जब उसके नागरिक तथा सुरक्षा बल दोनों ही तंदुरुस्त, अनुशासित और स्वस्थ हों। उन्होंने बल के सभी सदस्यों से अपील की कि वे तंदुरुस्ती को अपनी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाएं, ताकि हर समय वे आपदा प्रबंधन, राहत कार्यों और राष्ट्र सेवा के लिए तत्पर रह सकें। श्री तिवारी ने कहा कि एक सुदृढ़ शरीर और संतुलित मन ही संकट की घड़ी में सही निर्णय लेने और दूसरों की सहायता करने की सबसे बड़ी शक्ति है। कार्यक्रम के समापन पर श्री तिवारी ने सभी अधिकारियों और कर्मियों को उनके उत्साहपूर्ण भागीदारी के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## हाउस टैक्स वृद्धि से नाराज सिहानी गेट व्यापारियों ने इस दिवाली बाजार में नहीं की सजावट

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सिहानी गेट बाजार के व्यापारियों ने इस दिवाली अपने बाजार को सजाने से इनकार कर दिया है। यह कदम नगर निगम द्वारा हाल ही में हाउस टैक्स में वृद्धि किए जाने के खिलाफ उठाया गया विरोध स्वरूप है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष अनुराग गर्ग ने बताया कि पहले ही व्यापारियों ने नगर निगम की इस नीति के खिलाफ सहमति जताई थी।

व्यापारियों का कहना है कि हाउस टैक्स में बढ़ोतरी से उन्हें पहले से ही भारी आर्थिक दबाव का सामना करना पड़ रहा है। दिवाली जैसे महत्वपूर्ण त्यौहार पर भी बढ़े हुए टैक्स का बोझ उनके ऊपर अतिरिक्त आर्थिक भार डाल रहा है। व्यापारियों ने यह भी आरोप लगाया कि ऑनलाइन कॉमर्स कंपनियों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे स्थानीय दुकानदारों की बिक्री प्रभावित हो रही है और बाजार में मंदी का माहौल बन गया है। अनुराग गर्ग ने कहा कि व्यापारियों ने कई बार सरकार और नगर निगम से अपील की है, लेकिन अभी तक स्थानीय व्यापारियों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया। परिणामस्वरूप, इस बार दीपावली के अवसर पर सिहानी गेट बाजार में पारंपरिक रोशनी और सजावट नहीं की गई, जिससे बाजार की रौनक प्रभावित हुई है। नगरायुक्त द्वारा व्यापार मंडलों से अपील की गई थी कि वे बाजार को सजाएं और त्योहार के आनंद को जीवंत बनाए रखें। हालांकि, व्यापारियों ने इसे नजरअंदाज करते हुए विरोध के रूप में सजावट का बहिष्कार किया।

## अंतरराज्यीय एटीएम ठगी गिरोह के दो शातिर गिरफ्तार, दिल्ली के हैं दोनों आरोपी, बाइक

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अंतरराज्यीय एटीएम ठगी गिरोह के दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों आरोपी दिल्ली के रहने वाले हैं और हाल ही में अपने शौक और विलासिता की जिंदगी जीने के लिए अपराध की दुनिया में कदम रख चुके थे। पुलिस का कहना है कि यह गैंग एटीएम मशीनों पर जाकर लोगों, खासकर बुजुर्गों को निशाना बनाता था और चालाकी से उनके एटीएम कार्ड बदलकर खातों से पैसे उड़ा लेता था। इस कार्रवाई का नेतृत्व एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने किया, जबकि उनकी टीम में शामिल एसओ क्रॉसिंग रिपब्लिक सरिता सिंह और उनकी टीम ने बेहतरीन समन्वय दिखाते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया।

# भगवान धन्वंतरि, मां लक्ष्मी और कुबेर की पूजा का शुभ मुहूर्त 18 अक्टूबर को शाम 7:16 से रात 8:20 तक



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सिद्धपीठ श्री दूधेश्वरनाथ मठ महादेव मंदिर के पीठाधीश्वर, जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता एवं दिल्ली संत मंडल के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि ने धनतेरस पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए देश-प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और आरोग्यता की कामना की है। उन्होंने कहा कि धनतेरस का पर्व न केवल धन और संपदा का प्रतीक है, बल्कि यह आरोग्य, आयु और समृद्ध जीवन की प्राप्ति का भी उत्सव है। महंत नारायण गिरि ने कहा कि इस वर्ष धनतेरस का शुभ पर्व शनिवार, 18 अक्टूबर को मनाया जाएगा। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, इस दिन भगवान धन्वंतरि, मां लक्ष्मी और धन के देवता कुबेर की पूजा-अर्चना का विशेष महत्व है। उन्होंने बताया कि पूजा का शुभ मुहूर्त शाम 7 बजकर 16 मिनट से लेकर रात 8 बजकर 20 मिनट तक रहेगा। इस समय भगवान धन्वंतरि की आराधना करने से आरोग्य, सौभाग्य और धन की वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि इस बार धनतेरस के दिन एक अद्भुत संयोग बन रहा है। ब्रह्म योग और शिववास योग का एक साथ बनना इस दिन को और भी पावन बना देगा। ब्रह्म योग देर रात तक रहेगा, जिसके प्रभाव से किए गए हर शुभ कार्य में सफलता मिलती है। वहीं, शिववास योग के दौरान स्वयं भगवान महादेव नंदी पर सवार होकर अपने भक्तों पर कृपा बरसाएंगे। यह संयोग अत्यंत दुर्लभ और कल्याणकारी माना जा रहा है। श्रीमहंत नारायण गिरि ने कहा कि धनतेरस के दिन भगवान धन्वंतरि की पूजा करने से शरीर में आरोग्यता और मानसिक शांति की प्राप्ति होती है। भगवान धन्वंतरि को देवताओं का वैद्य कहा गया है, जिन्होंने समुद्र मंथन के दौरान अमृत कलश के साथ प्रकट होकर समस्त लोकों को आरोग्य प्रदान किया था।

## रचनात्मकता, संस्कृति और देशभक्ति का अद्भुत संगम, दीवाली मेले में छात्रों ने लगाई रचनात्मकता की झलक



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मॉडर्न कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, आनंद औद्योगिक क्षेत्र, में शुक्रवार को सांस्कृतिक एवं सहपाठ्यक्रम समिति के तत्वाधान में दीवाली मेला (प्रज्ञान उत्सव-2025) का भव्य आयोजन किया गया। रंग, रोशनी और उत्साह से भरे इस आयोजन ने पूरे परिसर को उत्सवमय बना दिया।

साथ ही, तीन दिवसीय स्काउट एवं गाइड शिविर के सफल समापन ने कार्यक्रम को और भी ऐतिहासिक बना दिया। सुबह दस बजे शाम 4 बजे तक अत्यंत उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) निशा सिंह, कॉलेज के सचिव विनीत गोयल एवं मुख्य अतिथि डॉ. प्रदीप कुमार (एसोसिएट प्रोफेसर, इतिहास विभाग, रामजस कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय) द्वारा संयुक्त रूप से रिबन काटकर किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. प्रदीप कुमार ने दीपावली की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्रो में रचनात्मकता, नेतृत्व और आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करते हैं।

# गाजियाबाद में 'हिंद दी चादर' श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज की 350वीं शहीदी शताब्दी नूं समर्पित जागृति यात्रा का भव्य स्वागत!

वेलकम इंडिया

गाजियाबाद के पटना साहिब गुरुद्वारे से आ रही यह ऐतिहासिक यात्रा आज मेरठ से होते हुए गाजियाबाद पहुंची, जिसका आगमन कवि नगर सी ब्लॉक गुरुद्वारे से होते हुए, नवयुग मार्केट और फिर हापुड़ मोड़ गुरुद्वारे पर हुआ। रात को यात्रा इंदिरापुरम गुरुद्वारे में विश्राम करेगी। आज यात्रा का स्वागत-सत्कार किया माथा टेका और दिल्ली से गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका जी से भी भेंट की। शहर विधानसभा से विधायक श्री संजीव शर्मा जी ने हापुड़ रोड स्थित जगदीश नगर गुरुद्वारे के सामने यात्रा के स्वागत के दौरान, पालकी साहिब में गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष माथा टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर, दिल्ली सिख गुरुद्वारा कमिटी के सेक्रेटरी जसमेंन सिंह नोनी जी ने विधायक संजीव शर्मा जी और महानगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा बलप्रीत सिंह को सरोपा डालकर सम्मानित किया जिसके लिए उनका धन्यवाद। गुरु तेग बहादुर जी का सर्वोच्च शहीदी हमें धर्म की रक्षा, मानवता और शांति का संदेश देती है।



